yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
# यश भारत
नये जमाने के साथ..
● वर्ष- 17 अंक 163- ● जबलपुर ● शुक्रवार, 14 जुलाई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● प्रथम श्रावण मास कृष्ण पक्ष 9 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

### आज का मौसम
आज सुबह का तापमान
25 .2 डिसे
दोपहर 12 बजे तक
28 डिसे
बारिश के आसार

### मुंबई पुलिस को मिली आतंकी हमले की धमकी
**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान छोड़कर भारत आई सीमा गुलाम हैदर को लेकर मुंबई पुलिस को धमकी दी गई है. मुंबई पुलिस ने गुरुवार (13 जुलाई) को बताया कि कंट्रोल रूम को कल एक धमकी भरा फोन आया. जिसमें फोन करने वाले ने पुलिस को धमकी दी कि अगर पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर पाकिस्तान नहीं लौटी तो 26/11 के आतंकवादी हमले के लिए तैयार रहें.मुंबई पुलिस और क्राइम ब्रांच इस मामले की जांच कर रही है. मुंबई पुलिस ने कहा कि फोन करने वाले ने 26/11 जैसे आतंकी हमले के लिए तैयार रहने की धमकी दी और उत्तर प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

# आज चांद की ओर चंद्रयान 3

■ नई दिल्ली, ईएमएस।
इसरो के वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत के बाद आखिरकार वह घड़ी आ गई है, जब कुछ ही घंटों बाद चंद्रयान-3 चांद की ओर उड़ान भर देगा। भारत के लिए यह ऐतिहासिक पल होगा, जब चंद्रयान-3 इतिहास रचने के लिए चांद पर जाएगा। इसरो की ओर से जानकारी दी गई है कि चंद्रयान-3 को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से दोपहर 2.35 बजे लॉन्च किया जाएगा।

## मिशन पर टिकी दुनिया की निगाहें
भारत के चंद्रयान-3 मिशन पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हुई है। इसरो के वैज्ञानिकों को पूरी उम्मीद है कि चंद्रयान-3 को इस बार पूरी सफलता मिलेगी। चंद्रयान-3 मिशन को सफलता मिल जाती है तो अमेरिका, चीन और तत्कालीन सोवियत संघ के बाद भारत चौथा देश बन जाएगा, जिसने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की महारत हासिल की है। च्चंद्रयान-3ज्के प्रक्षेपण के लिए गुरुवार को ही 25.30 घंटे की उलटी गिनती शुरू हो गई है और वो पल जल्द ही आने वाला है, जब चंद्रयान-3 चांद की ओर रुख करेगा।



## दोपहर 2.35 बजे होगी लॉन्चिंग
### 615 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ ये मिशन
615 करोड़ की लागत से तैयार हुआ ये मिशन करीब 50 दिन की यात्रा के बाद चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास लैंडिंग करेगा. लॉन्चिंग श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर के लॉन्च पैड-2 से होगी. इसको चंद्रमा पर भेजने के लिए LVM-3 लॉन्चर का इस्तेमाल किया जा रहा है. चंद्रयान-3 मिशन साल 2019 में भेजे गए चंद्रयान-2 मिशन का फॉलोअप मिशन है. इसमें लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग और रोवर को सतह पर चलाकर देखा जाएगा. बता दें कि लैंडर को चांद की सतह पर उतारना सबसे कठिम काम है. साल 2019 में चंद्रयान-2 के विक्रम लैंडर की हार्ड लैंडिंग की वजह से मिशन खराब हो गया था.

### चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग से अंतरिक्ष विज्ञान के विकास की बढ़ेंगी संभावनाएं : ISRO पूर्व वैज्ञानिक
भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम 'चंद्रयान-3' से पहले इसरो के पूर्व वैज्ञानिक नंबी नारायणन ने बृहस्पतिवार को कहा कि इसकी सफल 'सॉफ्ट लैंडिंग' से भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन जाएगा और इससे देश में अंतरिक्ष विज्ञान के विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी. उन्होंने यहां पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि इससे भारत को वैश्विक अंतरिक्ष कारोबार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने में भी मदद मिलेगी. वर्तमान में 600 अरब डॉलर के अंतरिक्ष उद्योग में भारत की हिस्सेदारी बेहद कम दो प्रतिशत है।

## » न्यूज गैलरी

### खाई में गिरी बोलेरो पांच की मौत
■ नई दिल्ली, ईएमएस।
मंडी जिले के सुंदरनगर के बीएसएल पुलिस थाना के तहत कटेरू क्षेत्र में भलाना खड़ी नाला के पास गुरुवार देर रात एक बोलेरो (एचपी31/8349) गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर सभी वाहन सवारों को कड़ी मशक्कत के बाद सड़क तक पहुंचाया, जहां से उन्हें सुंदरनगर तथा नेरचौक मेडिकल कॉलेज के लिए ले जाया गया। वहीं एक दूसरे सड़क हादसे में नई ऑल्टो कुन मोड़ (जुलाह) खारसी के पास 100 फिट गहरी खाई में जा गिरी। इसमें चालक की मौत हो गई है। भलाना खूड़ी नाला के पास हादसे की सूचना मिलते ही डीएसपी दिनेश कुमार तथा तहसीलदार सुंदरनगर वेद प्रकाश भी रवाना हो गए। उन्होंने वहां पहुंचकर राहत और बचाव कार्यों का जायजा लिया। हालांकि रात को अंधेरा अधिक होने के कारण राहत और बचाव कार्य में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि सभी वाहन सवार देव कमरूनाग के दर्शन के लिए गए हुए थे।

### एशिया कप का शेड्यूल आज हो सकता है जारी
■ नई दिल्ली, ईएमएस।
एशिया कप 2023 को लेकर बीसीसीआई और पीसीबी के बीच लंबा विवाद चला. वनडे टूर्नामेंट की मेजबानी पाकिस्तान को मिली थी, लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया. साथ ही टूर्नामेंट को न्यूट्रल वेन्यू पर कराए जाने की बात कही. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इससे नाराज हो गया और उसके कहा कि यदि टूर्नामेंट पाकिस्तान की जगह न्यूट्रल वेन्यू पर कराया जाता है, तो वह इसमें नहीं उतरेगा. इसके बाद उसने हाइब्रिड मॉडल का ऑफर दिया. उसी के मुताबिक अब टूर्नामेंट खेला जाना है. 4 मुकाबले पाकिस्तान में होंगे, तो जबकि फाइनल सहित 9 मुकाबले श्रीलंका में खेले जाएंगे. टूर्नामेंट 31 अगस्त से 17 सितंबर तक खेला जाना है. आज एशियन क्रिकेट काउंसिल टूर्नामेंट का पूरा शेड्यूल जारी कर सकता है.एशिया कप की बात करें, तो इसमें भारत और पाकिस्तान के अलावा श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और नेपाल की टीमें उतर रही हैं. अक्टूबर-नवंबर में होने वाले वर्ल्ड कप से पहले सभी बड़ी टीमें एशिया कप के सहारे अपनी तैयारी को पुख्ता करना चाहेंगी.

### वेबसाइट पर आर्डर प्लेस कर लाखों की हेराफेरी
■ भोपाल, ईएमएस।
आनलाइन होम अप्लायंसेज एवं इलेक्ट्रोनिक आइटम सप्लाई करने वाली होलसेल कंपनी उड़ान की वेबसाइट पर आर्डर प्लेस कर लाखों रुपए की हेराफेरी करने वाली गैंग का पर्दफाश हुआ है। गिरोह के लोग आनलाइन महंगा मोबाइल फोन मंगवाकर इसमें हेरफेर या खराबी बताकर मौके पर वापस लौटाने का नाटक करते थे। ये लोग डिलीवरी ब?वाय को चकमा देकर मोबाइल निकालकर उसमें साबुन रखकर पार्सल की इस तरह सफाई से वापस पैकिंग कर देते थे कि किसी को शक भी नहीं होता था। क्राइम ब्रांच ने राजस्थान के सवाई माधौपुर से तीन ठगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह द्वारा 17 लाख रुपये का कीमती सामान हड़पने की जानकारी मिली है। इसमें 95 महंगे मोबाइल भी शामिल हैं क्राइम ब्रांच से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपितों द्वारा बहाना यह बनाया जाता था कि कंपनी द्वारा गलत प्रोडक्ट्स सप्लाई कर दिया गया है, इसलिए दोबारा आर्डर कर सही सामग्री मंगवाई जाएगी।

## पुष्पा स्टाइल में डोडाचूरा की तस्करी
### पेट्रोल टैंकर में छिपाया था, पुलिस के सामने नहीं चली होशियारी
■ नीमच, यशभारत।
सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की सुपरहिट फिल्म च्पुष्पाज्की तर्ज पर तस्करी का एक अनूठा मामला मध्य प्रदेश के नीमच से सामने आया है। जहां इंडियन ऑयल के टैंकर में कट्टों में भरकर 10 क्विंटल 80 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा रखा गया था. हालांकि कार्रवाई करते हुए कुकड़ेश्वर पुलिस ने इसे जब्त कर लिया है. । 12 जुलाई को हैरान कर देने वाली यह तस्करी की घटना तब सामने आई जब वारंटी की तलाश कर वापस आते समय गांव जुनापानी और फुलपुरा के बीच आमरोड पर तालाब के पास में एक इंडियन ऑयल का टैंकर आरजे 19 जीए 9794 संदिग्ध हालत में पुलिस को खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने टैंकर के चालक की आस-पास तलाश की, मगर वह नहीं मिला, जबकि टैंकर का इंजन चालू पाया गया. पुलिस टीम ने टैंकर के ऊपर चढ़कर ढक्कन खोलकर देखा तो टैंकर के अंदर प्लास्टिक के काले कट्टे भरे हुए दिखाई दिए.पुलिस टीम ने टैंकर को थाना लाकर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए टैंकर में से 54 काले प्लास्टीक के कट्टे निकाले. इनमें कुल 10 किंवटल 80 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा मिला, जिसकी किमती 12 लाख रुपये बताई जा रही है. टैंकर के आरोपी चालक की तलाश की जा रही है. पुलिस यह भी पता लगा रही है कि अवैध मादक पदार्थ के परिवहन जिसके जरिए किया जा रहा था.नीमच को काला सोने का गढ़ कहा जाता है है. काले सोने के काले कारोबार में कल के फकीर आज करोड़पति बन गए हैं. यहां मादक पदार्थो की तस्करी से लेकर फर्जी एनकाउंटर तक हुए हैं. कई मर्डर तक हो गए हैं. साथ ही मादक पदार्थ के अवैध धंधे में खाकी भी कई बार दागदार हो चुकी है. कहा जाता है कि इस कारोबार से जुड़े हुए लोगों के गुर्गे राजनीति ओर पुलिस तक में हैं.2009 में पुलिस ने बैसला घाट पर बंशी गुर्जर को एनकाउंटर में मारा गिराया था. वह मृत घोषित होकर सालों तक जिंदा घूमता रहा और तस्करी का खेल करता रहा. इस दौरान करोड़पति बन गया. इसके उज्जैन के तत्कालीन आईजी उपेंद्र जैन ने उसे पकड़ा और सारे राज खोल दिए।



### सपा नेता आजम खान को एक और झटका, 'Y' श्रेणी सुरक्षा हटाई गयी
■ रामपुर, ईएमएस।
समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान को एक और झटका लगा है. पहले विधायकी गई और अब उन्हें मिली ङ्घ श्रेणी की सुरक्षा भी वापस ले ली गई है. जिसके बाद उनकी सुरक्षा में लगे तीन गनर और आवास पर तैनात गार्ड को हटा लिया गया है. एडिशनल एसपी संसार सिंह ने बताया कि सुरक्षा मुख्यालय एसपी की तरफ से पुलिस को आदेश मिला था कि पूर्व विधायक आजम खान की वाई केटेगरी की सुरक्षा बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं है, जिसके बाद उनकी सुरक्षा में तैनात जवानों को वापस बुला लिया गया है. बता दें कि 8 नवंबर 2022 VIP सुरक्षा मुहैया कराए जाने के लिए राज्य स्तरीय सुरक्षा समिति की एक बैठक हुई थी. इस बैठक में यह फैसला लिया गया था कि आजम खान को अब सुरक्षा देने का कोई औचित्य नहीं है. जिसके बाद गृह विभाग की तरफ से रामपुर एसपी को इस बाबत निर्देशित किया गया. जिसके बाद आजम खान की सुरक्षा में तैनात सभी गनर और गार्ड वापस बुला लिए गए हैं।

## पीएम मोदी को मिला फ्रांस का सर्वोच्च सम्मान
### लीजन ऑफ ऑनर पाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री
■ पेरिस, एजेंसी।
प्रधानमंत्री मोदी फिलहाल फ्रांस की यात्रा पर हैं और उन्हें यहां फ्रांस के सर्वोच्च सम्मान 'लीजन ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। आपको बता दें कि फ्रांस का सर्वोच्च सम्मान 'लीजन ऑफ ऑनर' दुनिया भर के चुनिंदा प्रमुख नेताओं और प्रतिष्ठित हस्तियों को ही दिया जाता है। फ्रांस के सर्वोच्च सम्मान से पहले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला, वेल्स के तत्कालीन राजकुमार किंग चार्ल्स, जर्मनी की पूर्व चांसलर एंजेला मर्केल, संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव बुट्रोस बुट्रोस-घाली सहित कई नामी हस्तियां सम्मानित हो चुकी है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में फ्रांस के एलिसी पैलेस में निजी रात्रिभोज का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोद ने गुरुवार को कहा कि भुगतान प्रणाली 'यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस' (यूपीआई) के इस्तेमाल को लेकर भारत और फ्रांस के बीच सहमति बनी है. जिसके बाद अब यहां इसका उपयोग किया जा सकेगा और भारतीय नवाचार के लिए एक बड़ा बाजार खुलेगा. पीएम मोदी ने फ्रांस एक कला केंद्र में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही. उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही भारतीय पर्यटक एफिल टॉवर के पास यूपीआई का उपयोग कर रुपये में भुगतान कर सकेंगे. पीएम मोदी ने कहा कि 'भारत की यूपीआई भुगतान प्रणाली के इस्तेमाल को लेकर फ्रांस के साथ एक समझौता हुआ है।



**अब फ्रांस में UPI से भी पेमेंट कर सकेंगे भारतीय, पढ़ने के लिए 5 साल का वीजा**

### टमाटर बेचकर कमाए थे 30 लाख
#### बदमाशों ने किसान को गला घोंटकर मार डाला
■ अमरावती, एजेंसी।
आंध्र प्रदेश के अन्नामय्या जिले में हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां टमाटर किसान नरेम राजशेखर रेड्डी (62) की मदनपल्ले मंडल के बोडिमल्लादिने गांव में लूट के लिए हत्या कर दी गई। पुलिस को आशंका है कि उनकी हत्या मंगलवार की रात उस समय की गई, जब वह दूध देने गांव जा रहे थे। हमलावरों ने उन्हें रोक लिया, हाथ-पैर बांध दिए और तौलिए से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। पत्नी ने पुलिस को बताया कि कुछ अज्ञात लोग टमाटर खरीदने के बहाने खेत में आए थे। जब उसने उन्हें बताया कि उनका पति गांव गया है, तो वे वहां से चले गए।बताया जा रहा है कि किसान ने हाल ही में बाजार में टमाटर बेचकर 30 लाख रुपये कमाए थे। हत्या के तार इसी से जुड़े होने की आशंका है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि किसान के पास कोई पैसा था या नहीं। पुलिस ने कहा कि वे सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रहे हैं।

## शोपिया में बिहार के 3 मजदूरों पर आतंकी हमला
### तीनों का इलाज जारी, सेना ने इलाके की घेराबंदी की
■ श्रीनगर, एजेंसी।
जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में गुरुवार को एक बार फिर आतंकियों ने बाहरी लोगों को अपना निशाना बनाया। बिहार के रहने वाले तीन प्रवासी मजदूरों को गोली मार दी। तीनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घायलों की पहचान अनमोल कुमार, हीरालाल यादव और पिंटू कुमार ठाकुर के रूप में हुई है। इसकी जानकारी जम्मू पुलिस ने दी है। फिलहाल पुलिस और सुरक्षाबल ने इलाके की घेराबंदी कर आतंकियों की तलाश कर रही है।

#### 10 जुलाई को 10 आतंकी गिरफ्तार
जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 10 जुलाई को प्रतिबंधित अलगाववादी संगठन छ्व्यरुष्ठ और हुर्रियत को फिर से एक्टिव करने के लिए काम कर रहे 10 आतंकियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि ये आतंकी पाकिस्तान में बैठे अपने मालिकों के ऑर्डर पर मीटिंग कर रहे थे। ये विदेशी संस्थाओं के संपर्क में थे।



इनमें से कुछ लोग छ्व्यरुष्ठ के फारूक सिद्दीकी और राजा मुजफ्फर की अध्यक्षता वाले कश्मीर ग्लोबल काउंसिल जैसे अलगाववाद का प्रचार भी करते थे।

#### पिछले 1 महीने में मारे गए 11 आतंकी
जम्मू-कश्मीर में आर्मी और पुलिस ने पिछले महीने में 11 आतंकियों को ढेर किया। 23 जून को कुपवा?ा में 4 आतंकी मार गिराए। वे पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे। इससे पहले, 16 जून को कुपवाड़ा में ही 5 आतंकवादी मारे गए थे। इसके अलावा, 13 जून को सुरक्षा बलों ने माछिल सेक्टर में 2 आतंकियों को मार गिराया था।

## मैं मर जाऊंगी, लेकिन... पाक नहीं लौटूंगी
### सचिन से जुदाई बर्दाश्त नहीं कर सकती सीमा
■ नई दिल्ली, एजेंसी।
पाकिस्तान से अवैध रूप से भारत अपने प्रेमी से मिलने भारत आने वाली 27 साल की सीमा हैदर ने अपने मुल्क पाकिस्तान जाने से तौबा कर ली है. उसने साफ कहा है कि उसने अपने पूर्व पति को छोड़ दिया है और अब नोएडा के रब्बूपुरा का सचिन मीणा ही उसका पति है. अब मैं मरते मर जाऊंगी लेकिन पाकिस्तान नहीं जाऊंगी. सीमा हैदर ने कहा कि 'मैंने हिंदू धर्म अपना लिया है. मैं सचिन को वापस लाने या छोड़ने के बजाय मरना पसंद करूंगी. दोनों ही प्रेमी कहते हैं कि भारत और पाकिस्तान का इतिहास कड़वा है. भारत और पाकिस्तान 1947 में अलग होने के बाद से तीन युद्ध लड़ चुके हैं. दोनों ने 2019 में एक-दूसरे के उच्चायुक्त को निष्कासित कर दिया और द्विपक्षीय राजनयिक, सांस्कृतिक, व्यावसायिक और खेल संबंध बहुत सीमित हैं. वहीं पुलिस का कहना है कि सीमा का लंबे समय तक भारत में रहना असंभव होगा. दरअसल, सीमा हैदर चार बच्चों की मां है. वह PUBG गेम के जरिए 22 वर्षीय सचिन मीणा के संपर्क में आ गई. सचिन एक हिंदू है और सीमा हैदर पाकिसतानी मुसलमान. वह 2020 में कोरोना वायरस महामारी के दौरान ऑनलाइन गेम PUBG के जरिए एक दूसरे के इतने करीब आ गए कि शादी तक करने पर आमादा हो गए. इसी के लिए सीमा पाकिस्तान की सरहद को अवैध तरीके से लांघते हुए नेपाल के जरिए भारत आ गई।



#### जीएसटी में बड़ी राहत
### फार्म की गलती से उलझा इनपुट क्रेडिट व्यापारियों को मिलेगा
■ इंदौर, यशभारत।
जीएसटी के बीते वर्षों के रिटर्न में हुई गलतियों के चलते जो इनपुट टैक्स क्रेडिट हासिल नहीं हो रहा था या उसे लौटाने की नौबत आ रही थी, उससे राहत मिलने जा रही है। दो दिन पहले हुई जीएसटी काउंसिल की 50वीं बैठक में इस बारे में निर्णय लिया गया है। खास बात है कि मप्र के व्यवसायियों और औद्योगिक संगठनों ने इस बारे में मांग उठाई थी। बीते दिनों इंदौर पहुंचे सीबीआइसी के सदस्य के साथ बैठक में इस बारे में प्रस्ताव दिया गया था। जीएसटी लागू होने के शुरुआती वर्षों में आपूर्ति संबंधित रिटर्न जीएसटीआर-1 भरने में कई व्यवसायियों से गलतियां हुई थीं। इस रिटर्न के आधार पर विभाग द्वारा जारी होने वाले फार्म जीएसटीआर-2ए में ऐसा विक्रय दिख नहीं रहा था। नियम है कि जीएसटीआर-2ए में नहीं नजर आने पर इनपुट टैक्स क्रेडिट को विभाग अमान्य कर देता है।

## सहमति से संबंध बनाने की उम्र कम की जाए



### बॉम्बे हाईकोर्ट ने संसद को दी सलाह कहा- कई देश ऐसा कर चुके
■ मुंबई, एजेंसी।
बॉम्बे हाई कोर्ट ने सहमति से यौन संबंध बनाने की कानूनी उम्र सीमा को कम करने पर अहम सुझाव दिया है। हाईकोर्ट ने कहा है कि कई देशों ने किशोर उम्र के लड़के और लड़कियों के लिए सहमति से यौन संबंध बनाने की उम्र कम कर दी है। अब समय आ गया है कि हमारा देश और संसद भी दुनियाभर में हो रही घटनाओं पर ध्यान दे और इस पर विचार करे। भारत में 1940 से 2012 तक सहमति से संबंध बनाने की उम्र 16 साल थी। पॉक्सो एक्ट के आने के बाद सहमति की उम्र बढ़ाकर 18 वर्ष कर दी गई, जो शायद विश्व स्तर पर सबसे अधिक उम्र में से एक है।

#### पॉक्सो के बढ़ते मामलों पर अदालत ने चिंता जताई
हाई कोर्ट की जस्टिस भारती डांगरे की एकल पीठ ने यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम से जुड़े आपराधिक मामलों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई। जस्टिस डांगरे ने कहा, यहां आरोपियों को तब भी दंडित किया जाता है, जब पीड़ित खुद कहते हैं कि वे सहमति से रिश्ते में थे।' जस्टिस डांगरे ने कहा कि 20 साल का कोई लड़का 17 साल और 364 दिन की लड़की के साथ यौन संबंध बनाता है, तो उसे उसके साथ रेप करने का दोषी पाया जाएगा, भले ही लड़की ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया हो कि वह भी यौन संबंध में समान रूप से शामिल थी। हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी 25 वर्षीय व्यक्ति दायर अपील पर की, जिसमें उसने एक विशेष अदालत के फरवरी 2019 के आदेश को चुनौती दी थी।

## दिल्ली में यमुना अब भी नहीं हुई शांत
■ नई दिल्ली, ईएमएस।
राजधानी दिल्ली में इन दिनों यमुना नदी उफान पर है, जिसके चलते बाढ़ का संकट शुरू हो गया है. चारों तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है. दिल्ली के निचले इलाकों में मौजूद रिहायशी इलाकों तक बाढ़ का पानी पहुंच चुका है. फिलहाल यमुना नदी का जलस्तर 208.63 मीटर है. जो कि खतरे के निशान से बहुत ऊपर है. यमुना में आई बाढ़ के कारण पूरी दिल्ली अस्त व्यस्त हो गई है. सड़कों से लेकर मेट्रो तक बुरी तरह से प्रभावित हो गई है। यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का पानी राजघाट तक पहुंच गया है. तेजी से इलाके के आसपास पानी बढ़ता जा रहा है. सुबह तीन बजे तक राजघाट का पार्क बाढ़ के पानी से भर गया. समाधी स्थल तक बाढ़ का पानी पहुंच गया है। दिल्ली में यमुना का जलस्तर बढ़ने के चलते दिल्ली के अधिकांश इलाकों में हालात बिगड़ गए हैं. सुबह 7 बजे के करीब यमुना नदी का जलस्तर 208.46 मीटर दर्ज किया गया है. दिल्ली के मोनिस्ट्री, मजनू का टीला, निगम बोध घाट, चांदनी चौक में हालात बेहद खराब हैं तो वहीं जैतपुर, मॉडल टाउन, गुजरावाला, मुखर्जीनगर, गीता कॉलोनी, रिंग रोड, वजीराबाद, कश्मीरी गेट, आईटीओ पर पानी भरा हुआ है। दिल्ली के शांति वन क्षेत्र में जलभराव की स्थिति से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. भारी बारिश और हथिनीकुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद यमुना नदी का जल स्तर लगातार बढ़ने से शहर के कई इलाके बाढ़ और जलभराव की चपेट में हैं।



### राजघाट हुआ जलमग्न समाधि स्थल तक पहुंचा पानी
#### पंजाब और हरियाणा में हजारों लोग बाढ़ में फंसे
हिमाचल प्रदेश में सड़कें ध्वस्त हो जाने से अब भी दस हजार सैलानी अलग-अलग जगहों पर फंसे हुए हैं। यमुना व घग्गर नदियों में उफान से हरियाणा के कई जिलों में बाढ़ से हजारों लोग गांवों में फंस गए हैं। पंजाब में सतलुज में बाढ़ से हुसैनीवाला से गट्टी राजोके की ओर जाने वाली सड़क धंस गई। इससे हजारों लोग फंसे हुए हैं। इस बीच, मौसम विभाग ने यूपी समेत कई राज्यों में अगले 5 दिन फिर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।हरियाणा के जीटी बेल्ट के जिलों में बाढ़ से हालात खराब हैं। यमुनानगर के हथिनी कुंड बैराज में पानी फिर बढ़ रहा है, जिसके चलते यमुना नदी के साथ लगते गांवों में खतरा मंडरा रहा है। गंगा एक्सप्रेसवे की सड़क टोल के पास करीब 40 फुट धंस गई है। अंबाला में एनडीआरएफ की एक नाव डूब गई है। टीम के सदस्य खुद पानी में फंसने के बाद भी लोगों को बचा रहे हैं। इस बीच केंद्र सरकार ने बाढ़ से निपटने के लिए पंजाब के लिए 218.40 करोड़ रुपये जारी किए हैं।

## अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग :यूएस
### पीएम मोदी के दौरे के एक महीने के अंदर ही संसदीय कमेटी ने पास किया प्रस्ताव
■ नई दिल्ली, ईएमएस।
चीन लगातार भारत की सीमाओं पर घुसपैठ कर रहा है। हाल ही में, भारत के अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों पर चीन ने कब्जा कर लिया है। उसका कहना है कि ये क्षेत्र उसके देश के अंतर्गत आते हैं। जबकि अमेरिका भारत का पक्ष ले रहा है। अमेरिकी संसद की सीनेट कमेटी ने अरुणाचल प्रदेश को भारत के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता देने वाला एक प्रस्ताव पारित किया है। बता दें, यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के एक महीने के अंदर ही संसदीय कमेटी ने पास कर दिया है।

#### चार सीनटरों ने किया प्रस्ताव पेश
यह प्रस्ताव गुरुवार को सीनेटर जेफ मर्कले, बिल हेगर्टी, टिम काइन और क्रिस वान होलेन ने पेश किया। प्रस्ताव में कहा गया है कि अमेरिका मैकमोहन रेखा को चीन और भारत के बीच अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में मान्यता देता है। प्रस्ताव पूर्ण मतदान के लिए सीनेट में जाएगा। संसद के कार्यकारी आयोग के सह-अध्यक्ष सीनेटर जेफ मर्कले ने कहा कि अमेरिका पूरी दुनिया में स्वतंत्रता और कानून आधारित पद्धति का समर्थन करता है। यह प्रस्ताव साफ कर देता है कि अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न अंग मानता है, ना कि पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना का।

#### चीन के खिलाफ कदम उठाना जरूरी
वहीं, हेगर्टी ने कहा कि ऐसे समय में जब चीन स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए गंभीर खतरे पैदा कर रहा है। अमेरिका के लिए इस क्षेत्र में अपने रणनीतिक साझेदारों, विशेषकर भारत और अन्य क्वाड देशों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होना महत्वपूर्ण है। साथ ही चीन की क्षेत्रीय विस्तार की व्यापक रणनीति के खिलाफ कदम उठाना जरूरी है, जो उसने दक्षिण और पूर्वी चीन सागर, हिमालय और दक्षिणी प्रशांत क्षेत्र में अपनाई है।

# धान की रोपाई शुरू, खेतों में चहल पहल बढ़ी



जबलपुर, यशभारत। रवि की फसल के बाद अब खरीफ की फसल की तैयारी किसानों द्वारा शुरू कर दी गई है। जहां धान की रोपाई के साथ-साथ कुछ किसानों ने मक्का की खेती करने में जुट गए । गेहूं की कटाई के बाद वीरान दिखने वाले खेतों में एक बार रौनक लौट आई है । इन दिनों किसान भीषण गर्मी की परवाह छोड़ कर भरी दोपहर में धान की रोपाई कर रहे हैं। जिले के किसान अबकी बार समय से पहले होने वाली बारिश की संभावना को देखते हुए काफी उत्साहित हैं और बारिश शुरू होने से पहले रोपाई का काम पूर करने में लगे हैं। रोपाई के इस काम को पूरा करने में किसानों की सबसे बड़ी समस्या मजदूरों का अभाव होने के कारण कुछ किसान मजदूरों को दूर दराज क्षेत्रों से लाकर धान की रोपाई का कार्य कराया जा रहा है।

### खेतों में चल रही रोटरी मशीन

उल्लेखनीय की जिले में मानसून की पहली बारिश से खेतों में पानी भरने से किसानों के चेहरे खिल उठे किसानों द्वारा जहां पर रोपाई का काम करना है उन खेतों में रोटरी मशीन चलाई जा रही है जिससे कि खेत खलिहान होगा कचरा साफ हो और जमीन अधिक उपजाऊ हो सके इसके लिए किसानों द्वारा ट्रैक्टर में रोटरी मशीन लगाकर खेत खलियानों को दुरुस्त किया जा रहा है साथ ही जिन किसानों के खेतों में रोटरी चल गई है वहां पर रोपाई का काम जोरो से चलने लगा है यह बारिश किसानों के लिए संजीवनी बूटी से कम नहीं है। किसानों के चेहरे पर रौनक लौट आई है। किसान पिछले कई दिनों से बारिश की आस लगाए बैठे थे, बारिश न होने से खेतों में दरारें पड़ रहीं थीं। कुछ किसानों की धान की नर्सरी सूखने की कगार पर थी। कुछ किसान निजी संसाधनों का इस्तेमाल कर धान की नर्सरी बचाने में जुटे थे किसान के खेतों में पानी भरने से धान की रोपाई करने में जुट गए हैं वही जिन किसानों द्वारा पूर्व में धान की बोनी कर दी गई थी वहां पर धान को अंकुरित होने के लिए पानी की बहुत जरूरत थी ।

### *मक्का की फसल में लगे चूहे*

धान की फसल के लिए जहां यह बारिश संजीवनी साबित हुई वहीं जिन किसानों ने मक्का की फसल लगाई है उसको चूहा नष्ट करने में लगे हुए जिससे किसानों द्वारा मक्का की फसल के बचाव के लिए तरह-तरह की दवा का उपयोग किया जा रहा है किसानों के मुताबिक मक्का की फसल को चूहा इसकी जड़ को खा रहे हैं जिससे इसकी फसल तैयार होने में किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है( जहां एक और धान की रोपाई का काम जोरों पर है वहीं दूसरी ओर किसानों के सामने इस समय सबसे बड़ी समस्या मजदूरों की आ रही है किसानों के अनुसार यह मजदूर पांच हजार रुपए प्रति एकड़ रोपाई करने की मजदूरी चल रही है/

### *आसमान छू रहे धान के दाम*

धान की खेती का सीजन आते ही उसके दामों में काफी बढ़ोतरी हुई है इस संबंध में किसानों ने बताया कि धान के बीज का रेट इन दिनों आसमान छू रहे है किसानों के अनुसार कृषि केंद्र एवं बाजारों में 28 से लेकर 30 हजार रुपए प्रति क्विंटल मिल रही है धान के बढ़ते दामों को देखते हुए कुछ किसानों ने अपने खेतों में मक्का आदि की बोयनी कर दी है/

# 17 को नगर भ्रमण पर निकलेंगे गुप्तेश्वर महादेव



जबलपुर, यशभारत। श्रावण के दूसरे सोमवार 17 जुलाई को श्री गुप्तेश्वर महादेव शाही सवारी यात्रा निकाली जाएगी। राजाधिराज भगवान गुप्तेश्वर महादेव प्रजा का हालचाल जानने के लिए निकलेंगे। शहर के इस प्राचीनतम विग्रह का निर्माण पूजन अपनी वनवास यात्रा के दौरान प्रभु श्रीराम ने स्वयं किया था। मूल शिवपुराण में इसका प्रथम उल्लेख भी मिलता है। गुप्तेश्वर, पीठाधीश्वर स्वामी मुकुंददास महाराज ने यहां पत्रकारों को बताया कि हर साल श्रावण में गुप्तेश्वर महादेव अपनी प्रजा को आर्शीवाद देने के लिए नगर भ्रमण के लिए निकलते है इस यात्रा का शुभारंभ 17 जुलाई को सुबह 10 बजे गुप्तेश्वर मंदिर से प्रारंभ होगा, जो शक्तिनगर, कृपालचौक, हाथीताल, हितकारिणी स्कूल, अनगढ़महावीर मंदिर, छोटी लाईन फाटक, शास्त्री ब्रिज, बस स्टेंड, गंजीपुरा, फुहारा, कमानिया, सराफा होते हुए मिलौनीगंज स्थित रामलीला मैदान पहुंचेगी। शाही यात्रा का नगर के विभिन्न स्थानों पर पूजन अर्चन किया जाएगा। नंदी चौक में महाआरती होगी। शोभायात्रा की अगुवाई स्वामी नरसिंहदास, स्वामी अखिलेश्वरानंद, स्वामी कालिकानंद, स्वामी पगलानंद, सहित नगर के अन्य प्रमुख संत करेंगे। पत्रवार्ता में इस अवसर पर शाही यात्रा के आयोजक द्वारका मिश्रा, पंकज पांडे, मौजूद रहे।



### जैन आचार्य की निर्मम हत्या का विरोध,सौंपा ज्ञापन

जबलपुर, यशभारत। दिगम्बर जैन पंचायत सभा, जबलपुर , पूर्व राज्य मंत्री शरद जैन द्वारा कर्नाटक में जैन आचार्य श्री कामकुमार जी की अपहरण के बाद की गई निर्मम हत्या के विरोध में केंद्रीय गृह मंत्री , मध्य प्रदेश के राज्यपाल , मुख्यमंत्री को जबलपुर कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौपा गया। जिसमे अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा देने एवम पूरे देश मे जैन संतो को कड़ी सुरक्षा देने की अपील की गई।

### उपरैनगंज में उर्स का आगाज



जबलपुर यशभारत। उपरैनगंज स्थित हज़रत चाँद शाह वली रहमतुल्ला अलेह के दो दिवसीय उर्स शरीफ का आगाज आज अपरान्ह बाद नमाज़ असर कुरान ख्वानी के साथ होगा। तत्पश्चात मज़ार शरीफ पर गुलपोशी की जाएगी तथा नजरो न्याज़ के बाद लंगर तक़सीम किया जाएगा। उर्स शरीफ के दूसरे दिन 15 जुलाई शनिवार को बाद नमाज़ जुहर दोपहर 3 बजे उपरैनगंज मौलाना की गली स्थित खादिमे दरगाह मरहूम वली मोहम्मद खान के निवास से संदल जुलूस निकाला जाएगा जो गश्त करते हुए मज़ार शरीफ पहुँचेगा जहाँ परम्परानुसार चादर पोशी व गुल पोशी की जाएगी तथा नजरो न्याज़ पेश करने के बाद लंगर तक़सीम किया जाएगा। उर्स कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल वाजिद खान, सचिव मो. ताहिर खान, मो. रिजवान खान, आशीष उस रेठे ने तमाम अक़ीदत मंदो से शिरकत की गुजारिश की है।

प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा रनवे शुरु

### अब जबलपुर में उतर सकेंगे अंतर्राष्ट्रीय विमान

**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा रनवे 13 जुलाई से विमानों की आवाजाही के लिए खोला दिया गया। रनवे शुरू करने की जानकारी सभी विमान कंपनियों और हवाई अड्डों को दे दी गई है। अब रनवे पर बड़े विमानों की लैंडिंग आसान होगी। जानकारी के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप यह रनवे तैयार किया गया है। इससे अब जबलपुर में अंतरराष्ट्रीय विमानों की लैंडिंग एवं टेक ऑफ के रास्ते खुल जाएंगे। नये रनवे में इंदौर से आने वाले विमान ने सुबह करीब 7.30 बजे लैंडिंग की, जिसके बाद रनवे विधिवत रूप से शुरु हुआ। गौरतलब है कि रनवे की लंबाई 2750 मीटर हो गई है। जबकि इंदौर विमानतल का रनवे 2754 मीटर लंबा है, भोपाल एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई 2744 मीटर है।

### तन्खा मेमोरियल के बच्चों को बांटी आईसक्रीम




जबलपुर, यशभारत। विगत दिवस क्राइस चर्च स्कूल एलुमिनी एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा जस्टिस तंखा मेमोरियल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेशल चिल्ड्रन के बीच अपना समय साझा किया और बच्चों को आईसक्रीम वितरित की। इस कार्यक्रम में सुरेंद्र अग्रवाल, प्रदीप जैन, मोहन तामसकर, प्रभीर दत्ता, इंदर कुमार खन्ना डायरेक्टर तक्षशिला इंजीनियरिंग कॉलेज एवं रोहित खन्ना उपस्थित थे। जस्टिस तंखा मेमोरियल इंस्टीट्यूट की ओर से सरकार बलदीप सिंह मैनी, सरदार जोगेंदर पाल सिंह, प्राचार्य कयोली सेन एवं सभी शिक्षकों का सहयोग सराहनीय था। अध्यक्ष यतीन पटेल, डॉ सुधीर यादव, रविन्दर सिंह रील, विपिन लुनावत, सत्यनारायण गुप्ता, नितिन निगांधी, अंकित बवेले, एचएस श्रीवास्तव, डॉ.प्रार्थना पटेल, श्रीजिता विश्वास, प्राशुंता तिवारी, दीक्षा झा, पंकज शुक्ला, उदयन तिवारी, निखिल पाहवा, सुनील पिनियानी, जनित पटेल, डॉ वॉय सी चाऊ, प्रदीप नायडू, अतुल शाह, संजीव तिवारी, नवनीत खंडेलवाल, डॉ. गिरीश बुधिरानी, राजेंद्र सोनी, समर्रा सिह यादव, हलतिंसह भोगल, ऊष मेण्डेरिता एवं रघुवंशी का सहयोग सराहनीय था।



### शिवलिंग निर्माण महारुद्र यज्ञ में उमड़े श्रद्धालू

जबलपुर, यशभारत। आधारताल धनी की कुटिया में गृहस्थ संत पंडित तरुण चौबे के सानिध्य में श्रावण मास पर जय मातेश्वरी भक्त परिवार समिति द्वारा आयोजित शिवलिंग निर्माण महारुद्र यज्ञ एवं महारुद्राभिषेक का प्रथम दिवस पर भक्तो का जन सैलाब उमड़ा। इस अवसर पर भक्तों ने शिवलिंग निर्माण किया। गृहस्थ संत पंडित तरुण चौबे ने श्रद्धालुओं को बताया कि रुद्राभिषेक, शिवलिंग निर्माण का विशेष महत्व है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

#### गीता धाम में रुद्राभिषेक...........

गौरीघाट स्थित गीताधाम में श्रावण मास महोत्सव पर नित्य प्रति नरसिंहपीठाधीश्वर स्वामी नरसिंहदास महाराज द्वारा नर्मदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया जा रहा है। इस अवसर पर स्वामी नरसिंहदास ने कहा कि बिल्वपत्र शिवलिंग पर अर्पित करने से विशेष फल प्राप्त होता है। पूजन अर्चन में आचार्य रामफल शास्त्री ,कामता शास्त्री, राघवेंद्र शुक्ला ,रामजी पुजारी ,हिमांशु प्रियांशु मिश्रा विवेक, प्रवीण चतुर्वेदी सहित नरसिंह मंदिर गीता धाम भक्त मंडल के सदस्य और श्रृध्दालु जन उपस्थित रहे।

# जीआईएफ , वर्कशॉप में बजा वर्क्स कमेटी का चुनावी डंका

**सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच के बाद 29 को होगा चुनाव**

जबलपुर यशभारत।शहर के दो सुरक्षा संस्थान जीआईएफ और 506 आर्मी वर्कशॉप में वर्क्स कमेटी चुनाव का डंका बज गया है।दोनों जगह पर नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया लगभग पूरी हो रही है।सोमवार को दोनों जगहों पर नामांकन पत्रों की जांच के बाद चुनावी हलचल और तेज हो जायेगी।चुनाव चिन्ह आबंटन होते ही यूनियनों के उम्मीदवारों के बीच प्रचार की जंग शुरू हो जायेगी।

उल्लेखनीय है कि सरकारी श्रम संस्थानों में वर्क्स कमेटी चुनाव का अलग महत्व होता है।औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के तहत दो वर्ष के लिए कामगार अपने प्रतिनिधि चुनते हैं।वर्तमान में पूरे संस्थान को एक क्षेत्र माना जाता है।जिसमें हर कामगार अपने पसंद के प्रतिनिधियों को चुनता है।वर्कशॉप में कामगार अपने 10 प्रतिनिधियों को चुनेगा तो जीआईएफ में 9 प्रतिनिधि चुने जायेंगे।चूंकि जीआईएफ में केंटीन कमेटी के चुनाव भी साथ हो रहे हैं।लिहाजा यहां कामगार अपने 11 प्रतिनिधि चुनेगा।

जहां तक बात है जीआईएफ की तो यहां मजदूर यूनियन यानी लाल झंडे का बहुमत है।जबकि वर्कशॉप में वर्क्स कमेटी में पीले झंडे का बहुमत है।बहरहाल दोनों संस्थान में यूनियनों की द्वार सभाएं शुरू हो चुकी हैं।जल्द ही अब वहां पोस्टर बैनर पर्चा युद्ध भी शुरू हो जायेगा।

### सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा 17 से 22 जुलाई तक होगी

**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2021 जबलपुर शहर के तीन परीक्षा केन्द्रों में 17 जुलाई 2023 से 22 जुलाई 2023 तक आयोजित की जायेगी। उप-आयुक्त राजस्व जबलपुर संभाग ने लोक सेवा आयोग की परीक्षा के लिए को-आर्डिनेटर/रिजर्व सहायक को-आर्डिनेटर एवं परीक्षा केन्द्राध्यक्ष नियुक्त करने के आदेश जारी किए है। जारी आदेश के मुताबिक गव्हर्नमेंट एमएच कॉलेज होम साईस एंड साईस फार वुमेन नेपियर टाऊन जबलपुर एवं गव्हनमेंट मानकुवर बाई आर्टस एण्ड कॉमर्स कॉलेज फार वुमेन नियर शास्त्री ब्रिज नेपियर टाऊन जबलपुर के लिए रीतेश दुबे परियोजना अधिकारी, बाल बिकास सेवा शहरी क्रमांक - 4 जबलपुर को सहायक को-आर्डिनेटर तथा डॉ नंदिता सरकार, डॉ संध्या चौबे को परीक्षा केन्द्राध्यक्ष नियुक्त किया गया




# सड़क किनारे नहीं बेच सकेंगे सब्जी दुकानों के सामने से हटेंगे अतिक्रमण

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

जबलपुर, यशभारत। शहर के अनेक हिस्सों में हाहाकार की स्थिति में तब्दील होती यातायात व्यवस्था और बढ़ते सड़क हादसों को संभालने गुरुवार को कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क के किनारे सब्जी विक्रेताओं और दुकानदारों के द्वारा किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने की चर्चा हुई। जिससे यातायात का संचालन सुचारू रूप से हो सके। कलेक्टर ने जिले की खराब सड़क मार्गो का मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होनें जिले में चिन्हित 27 ब्लैक स्पॉट की मरम्मत करने को कहा। जिससे सड़क दुर्घटना न हो और नागरिकों का सफर सुरक्षापूर्वक हो सके। कलेक्र सौरभ कुमार सुमन ने कहा कि सभी नागरिकों से यातायात के नियमों का पालन कराना सुनिश्चित करें। कोई भी नागरिक वाहनों को सड़कों पर खड़ा न करे, इससे यातायात बाधित होती है। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने और दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने के निर्देश दिए। जिससे नागरिकों का सफर सुरक्षात्मक हो सके और यातायात नियमों का उल्लंघन न हो। बैठक में पुलिस अधीक्षक टीके विद्यार्थी, अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।



### बाजार क्षेत्र में होगी कार्यवाही

बैठक में बताया गया कि बड़ा फुहारा और सराफा बाजार में सड़क पर दुकानें लगाई जा रही है। जिससे वाहनों को पार्किंग हेतु स्थान उपलब्ध नहीं हो पाता है। कलेक्टर ने नगर निगम और पुलिस को नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में आईएसबीटी बस स्टैंड, कृषि उपज मंडी, ट्रांसपोर्ट नगर, लेबर चौक से कछपुरा ब्रिज, गढ़ा बाजार से शाही नाका रोड की यातायात और पार्किंग व्यवस्था दुरूस्त करने की चर्चा की गई। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। गौरीघाट यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु पार्किंग एवं डायवर्सन व्यवस्था और झण्डा चौक से जिलहरी मोड़पर स्लाईडिंग रैलिंग लगाने के संबंध में चर्चा की गई।



### अहिंसा चौक से एस बी आई ऑफिसर पार्क तक का सड़क निर्माण कार्य शुरू

**जबलपुर, यशभारत।** उत्तरमध्य विधानसभा अंतर्गत महाराजा अग्रसेन वार्ड में अहिंसा चौक से एस बी आई ऑफिसर पार्क तक का सड़क निर्माण कार्य शुरू हुआ इस अवसर पर पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने ऊर्जावान कार्यकर्ताओं के साथ रोड का निरीक्षण किया । उन्होंने कहा कि हमारा ण्क ही लक्ष्य है वार्ड को आदर्श वार्ड के रूप में विकसित करना और मैं लगातार यह प्रयास करता रहूंगा।



### स्व. सुभाष चंद्र बैनर्जी की प्रतिमा स्थल का निरीक्षण

जबलपुर, यशभारत। स्व. सुभाष चंद्र बैनर्जी की प्रतिमा 14 अगस्त को लोहिया पुल पचपेढ़ी सिविल लाइन मे लगाई जाएगी प्रतिमा स्थल का आज निरिक्षण हुआ और उसकी तैयारी शुरू हुई।इस अवसर पर विधायक अशोक रोहाणी आनंद बर्नाड श्याम साहनी सुरेंद्र राठौर, प्रदीप ड्योढ़िया, राम जी अग्रवाल, भूपेंद्र सिंग, अजय शर्मा, आदित्य शुक्ला सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।


















## संजीवनी क्लीनिक निर्माण कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण

# रांझी के नागरिकों को मिलेगी बेहतर प्राथमिक चिकित्सा सुविधा





**जबलपुर, यशभारत।** महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' शहर के अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ केन्ट विधानसभा के क्षेत्रों में भी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करने लगातार प्रयास किया जा रहा है। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत आज भी महापौर के द्वारा राँझी सर्रापीपल, बड़ा पत्थर आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। इस संबंध में महापौर श्री अन्नू बताया कि उनके द्वारा आज दिनांक 13 जुलाई 2023 को राँझी सर्रापीपल स्कूल के पास दुर्गा मंदिर के बगल में हो रहे संजीवनी क्लीनिक निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये की संजीवनी क्लीनिक का निर्माण मंदिर के सामने न होकर अगर आवश्यकता होगी तो पूर्व में हुए निर्माण के ऊपर द्वितीय मंजिल निर्माण होगा, जिससे मंदिर दर्शन करने आ रहे श्रृद्धालुओं को असुविधा न हो। उन्होंने रक्षा नगर नाले एवं सड़कों का भी निरीक्षण किया। महापौर ''अन्नू'' ने नाले को पक्का करने एवं सड्को का निर्माण करने संभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। इसके उपरांत उन्होंने पोल शिफ्टिंग का भी स्थल मुआयना किया और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कार्यवाही के समय सौरभ नाटी शर्मा, जग्गु विश्वकर्मा, निर्मल जैन, आलोक भट्ट, संजय दुबे, मोहन उइके, गोरैया यादव, जगत मनी चतुर्वेदी, चंदन चौधरी, संजू ठाकुर एवं संभाग के समस्त वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

*नाला-नालियों की सफाई हो एवं कहीं वर्षा जल न रुके

राँझी निरीक्षण के बाद महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' पूर्व विधानसभा क्षेत्र पहुँचे जहाँ पर उन्होंने मोती नाला का निरीक्षण किया और इसके साथ-साथ वहाँ के उर्दू स्कूल का भी अवलोकन कर वहाँ की व्यवस्थाओं को देखा। महापौर द्वारा इस दौरान संभावित एवं जल प्लावन के लिए संवेदनशील क्षेत्रों का भी मुआयना किया और वर्षा जल निकासी के साथ-साथ नाला-नालियों की सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। महापौर श्री अन्नू ने बताया कि उनके द्वारा मोमीन अंसारी समाज वेलफेयर भाई जी पंचायत समाज भवन में स्थित ट्रांसफार्मर सिफ्टिंग एवं मोतीनाला ऊर्दू स्कूल के पास ट्रान्सफार्मर शिफ्टिंग के संबंध में संबंधित अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। निरीक्षण के दौरान पार्षद वकील अंसारी, याकूब अंसारी, अख्तर अंसारी, मतीन अंसारी, जग्गु विश्वकर्मा, निर्मल जैन, आलोक भट्ट, संजय दुबे, मोहन उइके, गोरैया यादव, जगत मनी चतुर्वेदी, चंदन चौधरी, संजू ठाकुर एवं संभाग के समस्त वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## स्टेशन पर ठंडा आर ओ वाटर जल्द ही सिर्फ पांच रूपये लीटर मिलेगा

**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर रेलवे द्वारा यात्रियों को शुद्ध तथा ठंडा पेयजल न्यूनतम शुल्क के भुगतान पर उपलब्ध कराने हेतु कार्य योजना प्रारंभ की है जिसके तहत स्टेशनों पर क्रमशः वॉटर वेंडिंग मशीन स्थापित करके लोगों को पेय जल उपलब्ध कराने की रेलवे ने प्राथमिकता निर्धारित की है। इस कड़ी में मंडल के सतना स्टेशन में उचित मूल्य पर शीतल आरओ वाटर से रेल यात्रियों की प्यास बुझाने हेतु 4 वाटर वेंडिंग मशीन स्थापित की गयी है. ये वाटर वेंडिंग मशीन यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराकर पानी की अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति करने के लिए लगाई गई हैं जिससे कि यात्रियों को 300 मिलीलीटर पानी 2 रूपये, 500 मिली पानी 3 रूपए तथा 1 लीटर पानी 5 रूपये एवं 2 लीटर पानी 8 रूपये में उपलब्ध कराया जायेगा। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन ने बताया कि जबलपुर में 8 एवं कटनी में 6 आधुनिक वॉटर वेंडिंग मशीन लगाने का ठेका हो गया है जिसको जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा। इससे गाड़ी के स्टेशन पर आते ही यात्रियों को खाली बोतल में शीतल जल भर कर असानी से ट्रेन में बैठ सकता है।मंडल में यात्रियों को पेयजल उपलब्ध कराने की उक्त व्यवस्था के चलते अब रेलवे स्टेशन पर अवैध रूप से घुसकर स्तर हीन जल की बोतल बेचने वालों पर भी अंकुश लग जायेगा।

## पद्मविभूषण डा. अजय चौधरी की पुस्तक 'जस्ट अस्पॉयर' का विमोचन कल

**जबलपुर, यशभारत।** क्राइस्ट चर्च स्कूल्स अलुमनी एसोसिएशन (सीसीएसएए) और जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज अलुमनी एसोसिएशन (जेईसीएए–जेका) के संयुक्त तत्वावधान में एचसीएल के को–फाउंडर, फॉदर ऑफ इंडियन हार्डवेयर व पद्मविभूषण डा. अजय चौधरी की पुस्तक 'जस्ट अस्पॉयर' का विमोचन समारोह का आयोजन 15 जुलाई को सायं 4.00 बजे से विजन महल होटल में किया गया है। उल्लेखनीय है कि डा. अजय चौधरी की यह पुस्तक टेक्नॉलाजी, एंटरप्रेन्योरशिप व फ्यूचर नोट्स का संकलन है। पुस्तक में अजय चौधरी के संस्मरण के रूप में जबलपुर के एक युवा की देश के हार्डवेयर के जनक बनने की असाधारण यात्रा का रोचक विवरण है।

इस समारोह में विशिष्ट व सम्मानीय अतिथि के रूप में राज्यसभा के सदस्य विवेक तन्खा, आर्म्ड फोर्सेस ट्रिब्यूनल के चेयरमेन व सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेन्द्र मेनन एवं दैनिक भास्कर के प्रबंध संचालक कैलाश अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण क्राइस्ट चर्च स्कूल और जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के सबसे प्रसिद्ध दो पूर्व विद्यार्थियों के बीच का अंतरंग संवाद होगा, जिसमें वरिष्ठ सिनेमा अभिनेता शरत सक्सेना व डा. अजय चौधरी अपने संस्मरण व अनुभव साझा करेंगे। सीसीएसएए के अध्यक्ष रमिंदर सिंह चोपड़ा, चेयरमेन चंद्रेश वीरा, सचिव अमित वेगड, कोषाध्यक्ष सीए राकेश मदान, जेका के अध्यक्ष महिंदर सिंह गुजराल व सचिव आईएस रूपराह ने इस आयोजन में क्राइस्ट चर्च स्कूल एवं जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व विद्यार्थियों से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### वरिष्ठ सिनेमा अभिनेता शरत सक्सेना व डा. अजय चौधरी करेंगे अंतरंग संवाद




# बिना अनुमति के डीजे साउंड सिस्टम लगाया तो होगी कड़ी कार्यवाही

## डी.जे. साउंड संचालकों की बैठक में पुलिस की दो टूक, शर्तों का न करें उल्लंघन

**जबलपुर, यशभारत।** आगामी त्यौहारों के मद्देनजर पुलिस हर स्तर पर तैयारियों में जुटी है ताकि शांति सद्भाव बना रहे और छोटी-छोटी बातों को लेकर विवाद की स्थितियां नहीं बने। बिना अनुमति के डीजे साउंड सिस्टम नहीं लगाए जाएंगे, जुलूस और मंचों पर दो से अधिक साउंड बॉक्स नहीं लगाये जाएंगे। उनका वॉल्युम भी 50 डेसीमल से कम रखा जाएगा। शर्तों का उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को पुलिस कंट्रोलरुम में पुलिस ने डीजे साउंड संचालकों की बैठक ली और प्रशासन की शर्तों से उन्हें अवगत कराया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्रीमति प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय कुमार अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर प्रदीप कुमार शेण्डे ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



### कावड़ यात्रा में दो से अधिक साउंड नहीं बजा सकेंगे

जुलूस, कांवड यात्रा के दौरान वाहन में 2 साउंड बाक्स का ही प्रयोग किया जाये। जुलूस, कांवड यात्रा के दौरान ऐसा किसी भी प्रकार का एनाउसमेंट न किया जावें, न ही ऐसे गाने बजाये जायें जिससे किसी की धार्मिक भावना आहत हों। जुलूस, कांवड यात्रा के दौरान डीजे, साउंड बाक्स आयोजकों द्वारा यह एलॉउसमेट अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए कि, अपने-अपने सामान एवं बच्चो की सुरक्षा दर्शनार्थियों द्वारा स्वंय की जावें, तथा किसी भी संदिग्ध वस्तु को अनावश्यक हाथ न लगायें। नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल श्रीमति प्रियंका करचाम, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली प्रभात शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक ओमती आर.डी. भारद्वाज, नगर पुलिस अधीक्षक रांझी देवेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर सुश्री प्रतिष्ठा राठौर तथा लगभग 50 डीजे/साउंड संचालक उपस्थित थे।

## टैक्स क्लिनिक आज आयकर अधिकारी भी उपस्थित होंगे

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर सीए ब्रांच राइट टाउन में टैक्स क्लिनिक का आयोजन कल और आज 14 जुलाई को जारी है। इसके प्रथम दिन ब्रांच अध्यक्ष सीए कमल वलेचा ने जानकारी दी की आईसीएआई (द इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया) और सीबीडीटी (सेंट्रल बोर्ड ऑफ़ डायरेक्ट टैक्सेज) ने पुरे देश में एक साथ आईसीएआई की सभी 168 सीए ब्रांच में टैक्स क्लिनिक का आयोजन किया गया। आज टैक्स क्लिनिक में आयकर अधिकारी भी उपस्थित होंगे। इसमें आये करदाताओं की आयकर की विवरणी और टी डी एस कटने और उसके प्रतिदाय से सम्बंधित जिज्ञासाओं और शंकाओं का समाधान बिना किसी शुल्क के आयकर विशेषज्ञ सीए रविकांत जैन द्वारा किया जा रहा है। इसमें विशेष वरिष्ठ नागरिकों के सवाल थे की उन्हें लगता है कि उनकी बचत खाते और सावधि जमा पर क्यों टी डी एस कटता है जबकि उन्होंने पढ़ा था उस पर टैक्स नहीं लगेगा। उन्हें बताया गया कि आपकी सभी आय को जोड़कर गणना होती है और यही आय सभी छूट दिए जाने के बाद भी इनकम टैक्स स्लैब के हिसाब से कर योग्य है तो टी डी वापस नहीं मिलेगा और कर दायता से कम हो जायेगा।

## पेंशनरों जिला शाखा की बैठक में आंदोलन के लिए हुआ मंथन



**जबलपुर, यशभारत।** पेंशनरों जिला शाखा जबलपुर की मासिक बैठक सगड़ा, तिलवारा रोड आयोजित की गई। बैठक में 30 सितंबर 2023 को भोपाल में प्रांतीय विशाल आंदोलन को लेकर चर्चा की गई। जिसमें पेंशनरों की अधिक से अधिक संख्या आंदोलन में भाग ले इसके पूर्व आंदोलन की जानकारी जिले के हर पेंशनरों तक पहुंचाकर, पंपलेट-पर्चे बेनर तैयार कर प्रत्येक तहसील में जाकर संख्या बल मजबूत किया कर, निर्धारित संघर्ष राशि शीघ्र संबंधित खाते में जमा किए जाने पर जोर दिया गया। बैठक में उदय कुमार पटेल ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की उनका तिलक एवं फूल माला से सम्मान किया गया। अंत में प्रांतीय अध्यक्ष राज कुमार की समधन का 11 जुलाई 2023 को निधन हो गया था, मृतक की आत्मा की शांति के लिए शोक सभा कर विनम्र श्रद्धांजलि अप्रित की गई। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार दुबे ,जिला अध्यक्ष केएस ठाकुर , प्रवक्ता इन्द्र कुमार शर्मा ,प्रांतीय कोषाध्यक्ष शिवकुमार तिवारी , राम चरण सेन, विनय तिवारी, अभिमन्यु शुक्ला ,आर एल अनुरागी, प्रीतम झरिया, राम रतन ,उदय पटेल ,अभय जोशी, आर पी विश्वकर्मा एवं अन्य पेंशनरों की उपस्थिति रही।

## पूज्य सन्तों के सानिध्य में ध्वनियां नर्मदा की का प्रथम प्रदर्शन 16 को

**जबलपुर, यशभारत।** अखिल भारतीय गुरुभक्त मंडल के तत्वावधान एवम पंडित वेद प्रकाश शर्मा के संयोजन में शहीद स्मारक गोल बाजार परिसर में च्ध्वनियां नर्मदा की च्वृत्तचित्र का प्रथम प्रदर्शन आयोजित किया गया है। कार्यक्रम 16 जुलाई को सायं 4.30 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन में पूजनीय महामंडलेश्वर ईश्वरानंदजी महाराज जी( उत्तम स्वामी जी ) आशीर्वचन देंगे। सभी श्रद्धालुओं से आग्रह है कि वे आयोजन में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।पण्डित वेदप्रकाश ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि ये सम्पूर्ण आयोजन माँ नर्मदा की गरिमा व सौंदर्य को समर्पित है। उन्होंने कहा कि नर्मदा की विविध ध्वनियों को इस वृत्तचित्र में समाहित करने का प्रयास किया गया है। नर्मदा जी जितनी अद्भुत हैं, उतनी ही विलक्षण भी, इस लिहाज से ये डॉक्यूमेंट्री कई मायनों में अनूठी है। संस्कारधानी माँ नर्मदा का प्रिय शहर है।

### न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर, जिला जबलपुर

रा.प्र.क्र.2213/अ-6/2022-23

-: आम इश्तहार :-

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम गढ़ा पहनं 06 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अंजनी पचौरी पति/पिता सुशील पचौरी निवासी ग्राम बगलई उजर पो. सिमरिया तह. गोटेगांव के द्वारा ग्राम गढ़ा बंदोबस्त नंबर 599 पहनं 06 में स्थित भूमि खसरा नंबर 241/3, 242/3, 243/3 में से रकवा 0.0140 हे. वर्गफुट/ हेक्टेयर पर राजस्व अभिलेख में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज सहित स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 30/06/2023
पेशी दिनांक - 14/07/2023

तहसीलदार
गोरखपुर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी जबलपुर

### नाम सुधार सूचना

मैं अजय शुक्ला पिता स्वर्गीय श्री अरुण शुक्ला निवासी 402/90 जगदीश मंदिर गड़ा फाटक जबलपुर यह घोषणा करता हूं कि मेरी शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम अजय कुमार शुक्ला दर्ज है जो कि गलत है एवं मेरे आधार कार्ड पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम अजय शुक्ला दर्ज है जो कि सही है अतः मुझे मेरे सही नाम अजय शुक्ला के नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा जाए।

गलत नाम–अजय कुमार शुक्ला
सही नाम–अजय शुक्ला

## बुन्देली बोली में है मिठास

**जबलपुर, यशभारत।** बुन्देली बोली मधुरता का प्रतीक है। यह बोली आत्मीयता के कारण सबका मन मोह लेती है। बुन्देली संस्कृति को वर्तमान पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। यह बात अ.भा. बुन्देली संस्कृति परिषद द्वारा आयोजित बुन्देली गौरव समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. सुमनलता श्रीवास्तव ने कही। कार्यक्रम संयोजक प्रभा विश्वकर्मा शील ने कहा कि बुन्देली की कहावतें और गम्मत पहले शहर में भी लोकप्रिय थीं, अब ग्रामीण अंचलों तक सिमट गई हैं। हमारा दायित्व है कि हम सब मिलकर बुन्देली बोली के पुनर्जागरण का प्रयास करें। इसलिए लोकसंस्कार गीत, बुलौआ, सुमरनी कहावते, मानसपाठ आदि के विविध आयोजन 'बुन्देली-गौरव' कार्यक्रम के अन्तर्गत किये जा रहे हैं। प्रथम सोपान में मानसपाठ का आयोजन किया गया। प्रभु राम के पूजन अर्चन से प्रारम्भ मानसपाठ का संचालन डॉ. मुकुल तिवारी ने किया। जिसमें उमेश राठौर,डॉ. सुमनलता श्रीवास्तव, प्रभा खरे अखिल, प्रतिमा अखिलेश, डॉ.अनिल कोरी, प्रभा श्रीवास्तव, पुष्पलाता शर्मा, मिथलेश नायक, तरुणा खरे, अनुराधा गर्ग, प्रमोद दाहिया, विजय अनुज, रत्ना ओझा, चन्द्र प्रकाश वैश्य, अल्का पटेल, डॉ. के.के. नेमा ने सस्वर सुन्दरकांड पाठ किया। पाठ विसर्जन एवं आभार सुषमा खरे ने प्रस्तुत किया।

## पिपरिया, उमरिया गौशाला के हाल बेहाल, गौमाता संकट में

**जबलपुर, यशभारत।** प्रदेश सरकार द्वारा नए वार्ड क्रमांक 79 के अंतर्गत पिपरिया उमरिया में चलाई जा रही गौशाला की अनियमितता की शिकायत पर कांग्रेस नेता रामदास यादव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि जहां देखने में पाया गया की गौशाला में गौ माताओं की संख्या बहुत अधिक है जो सैड बनाए गए हैं उनमें जगह कम होने की वजह से बारिश में भीगना पड़ रहा है और यही कारण है कि कई गौ माताएं घायल और बीमार हो रही हैं जहां पर इलाज की भी व्यवस्था नदारद है देखने में मिला है कि गौ माताओं को कीड़े लग गए हैं। जहां देखने में पाया गया की गौशाला में गौ माताओं की संख्या बहुत अधिक है जो सैड बनाए गए हैं उनमें जगह कम होने की वजह से बारिश में भीगना पड़ रहा है और यही कारण है कि कई गौ माताएं घायल और बीमार हो रही हैं जहां पर इलाज की भी व्यवस्था नदारद है देखने में मिला है कि गौ माताओं को कीड़े लग गए हैं। गौशाला प्रभारी और जानवरों की देखरेख कर रहे डॉक्टरों की बड़ी लापरवाही मानी जा सकती है। उन्होंने कहा कि गौशाला में व्यवस्थाएं नहीं सुधरी तो कांग्रेस आंदोलन करेगी।



### पश्चिम मध्य रेल

निविदा आमंत्रण सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई–बोली आमंत्रित करता है। **Category -** Catering, **Catalogue No. -** JBP-C-WVM-2, **Station -** Pipariya, **Lot No. -** MSS-JBP-PPI-WVM-15-23-1, **ASSET Details -** 04 Water Vending Machine at PPI, **Auction End -** 26.07.2023 10:30 hrs. **Station -** Gadarwara, **Lot No. -** MSS-JBP-GAR-WVM-14-23-1, **ASSET Details -** 04 Water Vending Machine at GAR, **Auction End -** 26.07.2023 10:40 hrs., **Station -** Narsingpur, **Lot No. -** MSS-JBP-NU-WVM-13-23-1, **ASSET Details -** 04 Water Vending Machine at NU, **Auction End -** 26.07.2023 10:50 hrs., **Station -** Madanmahal, **Lot No. -** MSS-JBP-MML-WVM-12-23-1, **ASSET Details -** 07 Water Vending Machine at MML, **Auction End -** 26.07.2023 11:00 hrs., **Station -** Maihar, **Lot No. -** MSS-JBP-MYR-WVM-7-23-1, ASSET Details - 04 Water Vending Machine at MYR, Auction End - 26.07.2023 11:10 hrs. **Station -** Rewa, **Lot No. -** MSS-JBP-REWA-WVM-8-23-1, **ASSET Details -** 04 Water Vending Machine at REWA, **Auction End -** 26.07.2023 10:20 hrs. **Station -** Katni Murwara, **Lot No. -** MSS-JBP-KMZ-WVM-9-23-1, **ASSET Details -** 06 Water Vending Machine at KMZ, **Auction End -** 26.07.2023 11:30 hrs. **Station-** Damoh, Lot No. - MSS-JBP-DMO-WVM-10-23-1, **ASSET Details -** 04 Water Vending Machine at DMO, **Auction End -** 26.07.2023 10:40 hrs. **Station -** Saugor, **Lot No. -** MSS-JBP-SGO-WVM-11-23-1, **ASSET Details -** 04 Water Vending Machine at SGO, **Auction End -** 26.07.2023 10:50 hrs. **For all Above Auction Start (All Lots)-** 26.07.2023 10:00 संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाईट (www.ireps.gov.in) पर E-Auction Leasing मॉडयूल देखें। लॉट–वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध है। ई–बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक(वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। मंडल रेल प्रबंधक(वाणिज्य)/प.म.रे./जबलपुर

कोरोना को है हराना, तो टीकाकरण जरूर कराना

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी/एसडीएम वृत्त लखनादौन जिला सिवनी मप्र

क्र/एसडीएम/लखनादौन/रीडर/1162सी/2023 दिनांक 28/6/2023

सार्वजनिक उद्घोषणा

इस न्यायालय में थाना छपारा में जप्तशुदा वाहन कुल 13 मोटर सायकल एवं 1 नग मिनी बस, 1 नग ट्रेक्टर, 6 नग कार धारा 25 पुलिस एक्ट में जप्त कर राजसात की प्रक्रिया प्रचनल में है। पुलिस रेगूलेशन की धारा 26, 27 में 25 पुलिस एक्ट के अधिकारों का उपयोग करते हुए थाना छपारा जिला सिवनी का प्रतिवेदन क्र 1296/23 दिनांक 22.6.23 प्राप्त हुआ है जिसमें इस्तगासा क्र 02/2023 में कुल 13 मोटर सायकल एवं 1 नग मिनी बस, 1 नग ट्रेक्टर, 6 नग कार वर्ष 2023 में विधिवत नियमानुसार जप्त किये गये हैं जिसे इस न्यायालय द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए वाहनों को राजसात करने की प्रक्रिया प्रचनल में है। उक्त सम्पत्ति के राजसात करने व जप्त करने के संबंध यदि किसी संस्था व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना का प्रकाशन के 15 दिवस के अवधि के भीतर कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, एसडीएम वृत्त लखनादौन जिला सिवनी में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। वाहनों/सम्पत्ति को राजसात कर आम नीलामी से शासन हित में विक्रय किया जायेगा।

जी–16913/23

अनुविभागीय अधिकारी/एसडीएम
अनुविभागीय दंडाधिकारी वृत्त लखनादौन

# कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिया जाये

**जबलपुर, यशभारत।** तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने मांग की है कि कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ दिया जाये। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अतुल मिश्रा, एस. के. प्रधान ने बताया कि प्रदेश की अधिकारी और कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ सरकार द्वारा नहीं दिया जा रहा है, जबकि स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मंत्री परिषद् के आदेश दिनांक 04/04/2020 के अनुसार प्रदेश के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं पेंशनरों को दिया जाना चाहिये। स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ न मिलने के कारण कर्मचारियों को अपने स्वयं के व्यय पर इलाज कराना पड़ रहा है। संघ के एस. के. प्रधान, सुनील पटेल, उमाचरण झारिया, जयप्रकाश तिवारी, राजेश गुप्ता, राकेश मिश्रा, नरेन्द्र जायसवाल, आशीष लाल, रवि केवट, जैसन अगस्टिन, एस. एल. तेकाम आदि ने प्रदेश सरकार से शीघ्र-अतिशीघ्र स्वास्थ्य बीमा योजना के आदेश कर अधिकारी/कर्मचारियों को लाभ दिये जाने की मांग की है।

## माध्यमिक शालाओं में खेल शिक्षकों की नियुक्ति की मांग




जबलपुर, यशभारत। मध्य प्रदेश जागरूक खेल संघ बताया कि प्रदेश की सभी माध्यमिक शालाओं में अध्यनरत छोटे-छोटे बच्चे जिनमें अपार प्रतिभाएं हैं पर इन प्रतिभाओं को तरासने वाला कोई नहीं है। माध्यमिक शालाओं में खेल शिक्षक नहीं होने से बच्चों की प्रतिभा में निखार नहीं आ रहा है जिससे पालकों को प्रायवेंट क्लब व कोच के पास प्रशिक्षण के लिए भेजना पड़ रहा हैं। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राममूर्ति पिल्ले, क्रिस्टोफर नरोन्हा, जीवन लाल रजक, धनराज पिल्ले, दिनेष गौड़, राकेष श्रीवास, हेमंत ठाकरे, राजकुमार यादव, तेजभान सिंह, कुलदीप सिंह, शषि रमन स्वामी, सुधीर अवधिया, चमन श्रीवास्तव, मधुमिता हाजरा, पूनम कुंड़े, राजकुमार यादव, शषि रमन स्वामी, सुधीर अवधिया, अषोक राय, पवन पटेल, अजय मिश्रा, सपन जाट, मोदित रजक, बंटी रजक, रमन लोधी आदि ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री से मांग की है कि माध्यमिक शालाओं में भी खेल शिक्षकों की नियुक्ति की जाए एवं उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शासकीय माध्यमिक शालाओं में खेल षिक्षक बनाया जाए ताकि अंडर 14 के प्रतिभावान बच्चों को सही मार्ग दर्शन मिल सके और वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें।

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी / दण्डाधिकारी (ग्रामीण) जबलपुर(म.प्र.)

क्रमांक /1/2023 जबलपुर, दिनांक 10 जुलाई 2023

आम इश्तहार सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि पुलिस थाना बरेला के इस्तगासा क्रमाँक 1/2023 में कुल 14 नग दो पहिया वाहन धारा 25 पुलिस एक्ट में जप्त शुदा जो विभिन्न कंपनियों के हैं, जो काफी समय से खराब होने की स्थिति में थाना प्रांगण बरेला में रखे हुये है। वाहन का निवर्तनमान अनुमोदित आफसेट मूल्य के आधार पर किया जायेगा। अधिकतम बोली विक्रेता घोषित किया जायेगा। निविदा के समय धरोहर राशि तत्काल जमा होगी अन्यथा निविदा अमान्य होगी। धरोहर राशि का समायोजन मूल राशि में किया जायेगा। असफल निविदाकारों को धरोहर राशि वापिस की जाकर कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। तीन दिन में संपूर्ण राशि जमा करनी होगी। वरना धरोहर राशि राजसात होगी। निविदा का वाहन अवलोकन नीलामी के समय कर सकते हैं, बाद में कोई आपति मान्य नहीं होगी नीलामी विक्रय उपरांत पुलिस विभाग का कोई उत्तरदायित्व नही होगा। निविदा की अंतिम प्रक्रिया तक किसी भी बिन्दुपर निर्णय का अंतिम अधिकार निर्णय अधिकारी का होगा। निविदाकारों को फोटोयुक्त पहचान पत्र स्व प्रमाणित देना होगा। प्रत्येक निविदाकारों को बोली में भाग लेने के पूर्व नीलामी स्थल पर 500/- कैश रसीद के रूप में जमा करने होंगे जो किसी भी हालत में वापस योग्य नहीं होगे। धरोहर राशि राजकोष में जमा की जायेगी। उपरोक्त जप्त शुदा दो पहिया वाहन 14 नग पुलिस एक्ट में जप्त है। इन वाहनों के स्वामित्वधारियों को आम इस्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि वे दिनाँक 14/7/2023 तक पुलिस थाना बरेला में मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर अपना स्वामित्वाधिकार प्रस्तुत करें। नियत तिथि तक उपस्थित नहीं होने पर दिनांक 15/7/2023 को उक्त जप्त शुदा वाहनों की नीलामी निष्पादित की जायेगी। नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। नीलामी बोलीदार को नीलामी के समय 30 प्रतिशत राशि जामा करना होगी।

अनुविभागीय अधिकारी,
दण्डाधिकारी (ग्रामीण) जबलपुर



# पहली बार वोट देने जा रहे वोटर्स के लिए कांग्रेस का गेट कैंपेन, कमल नाथ हैं तो कल है

## युवाओं और कालेज छात्रों को पार्टी से जोड़ने का जिम्मा

**भोपाल, यशभारत। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में जीत के लिए बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने कमर कस ली है. कांग्रेस ने पहली बार वोट डालने वाले युवाओं और कॉलेज छात्रों को पार्टी से जोड़ने का जिम्मा एनएसयूआई को सौंपा है. एनएसयूआई प्रदेश में अब गेट कैंपेन शुरू करने जा रही है जिसका नारा होगा 'कमलनाथ है तो कल है'. कार्यकर्ता कांग्रेस का इतिहास बताकर युवाओं से वोट करने की अपील करेंगे।**



मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव 2023 के लिए बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही दल एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं. कांग्रेस ने पहली बार वोट डालने वालों और कॉलेज छात्रों को पार्टी के साथ जोड़ने की जिम्मेदारी एनएसयूआई को सौंपी है. एनएसयूआई प्रदेश में 'कमलनाथ है तो कल है' नारे के साथ गेट कैंपेन शुरू करने जा रही है. इसके जरिए एनएसयूआई के कार्यकर्ता प्रदेश के हर कॉलेज में पहुंचेंगे. छात्रों को कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं का इतिहास बताएंगे. आजादी में योगदान के साथ ही कमलनाथ का विजन उनके सामने रखते हुए कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील करेंगे।

### कॉलेज पहुंचकर युवाओं को जोड़ेगी एनएसयूआई

मध्यप्रदेश में इस बार पहली बार वोट डालने वाले युवाओं की संख्या ज्यादा है. ऐसे में कांग्रेस और बीजेपी की स्टूडेंट विंग की भूमिका अहम है. एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने कहा 2023 विधानसभा चुनाव आ चुके हैं, इस बार लाखों की संख्या में युवा मतदाता मतदान करेंगे. नतीजे तय करने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी. बीजेपी की सरकार ने स्टूडेंट्स के साथ बीते 18 साल में कुठाराघात किया है. झूठे हिंदुत्व और झूठे राष्ट्रवाद के जरिए नफरत का जहर फैलाया है. युवाओं में कांग्रेस के पूर्वजों और नेताओं के बारे में गलत जानकारी फैलाते हैं. अब हम उनके बारे में सच्चाई बताने अभियान चलाएंगे. इसमें हमारी कॉलेज और जिला इकाई काम करेंगी. हर कॉलेज में कांग्रेसी जाएंगे और फर्स्ट टाइम वोटर्स को कांग्रेस से कनेक्ट करने का काम करेंगे।

## दिल्ली से आकर होटल में ठहरे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

■ भोपाल, यशभारत।

एमपी नगर में स्थित होटल स्काईलार्क में बुधवार सुबह एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह दिल्ली से एक दिन पहले ही भोपाल आकर होटल में रुका था। पुलिस इस मामले में हार्ट अटैक की का संदेह जता रही है, बाकी पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण साफ होगा।एएसआइ गंगा सिंह ठाकुर ने बताया कि अभिषेक रिछारिया (39) मूलतः झांसी के थे। वह दिल्ली में परिवार के साथ रहते थे और अग्रवाल बिलटेक कंपनी में नौकरी करती थे। कंपनी का भोपाल में अक्सर काम रहता है और अभिषेक रिछारिया कंपनी की तरफ से भोपाल काम के लिए आए थे। मंगलवार शाम को दिल्ली से भोपाल आए थे और होटल स्काईलॉर्क में उन्होंने कमरा नंबर 304 बुक कराया था। कर्मचारियों ने बताया कि उनकी सुबह करीब सात बजे के आसपास तबीयत बिगड़ी थी। वह स्वयं कमरे से बाहर आए और सामने सिटी अस्पताल में डाक्टर को दिखाकर आए थे। एक घंटे बाद उन्हें घबराहट हुई और वह तीसरे फ्लोर से खुद रिसेप्शन पर पहुंचे थे। उन्होंने रिसेप्शन पर मौजूद युवक को बताया कि घबराहट हो रही है और उन्हें नींबू पानी चाहिए। कर्मचारी नीबू पानी लेने गया तो अभिषेक उसका आने का इंतजार सोफे पर बैठकर करने लगे। जब वह नींबू पानी लेकर पहुंचा तो अभिषेक सोफे पर बैठे-बैठे बेसुध हो गए। यह देखकर होटल के कर्मचारियों ने एंबुलेंस को बुलाया और उन्हें जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया। वहां पर डाक्टर ने चेक करने के बाद अभिषेक को मृत घोषित कर दिया।



## लगातार वर्षा से बोवनी पर असर
## सोयाबीन लगाने से बचें किसान

■ भोपाल, यशभारत।

मानसून ने भले ही एक सप्ताह की देरी से प्रदेश में दस्तक दी, लेकिन शुरुआत से ही अधिकतर जिलों में रुक-रुककर वर्षा होने का सिलसिला बना हुआ है। बतर नहीं पड़ने (बोवनी के लिए शुष्क मिट्टी) के कारण किसान चाहकर भी धान के अलावा खरीफ सीजन की अन्य फसलों की बोवनी नहीं कर पा रहे हैं। प्रदेश में इस वर्ष 148.97 लाख हैक्टेयर में खरीफ की फसल का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से सात जुलाई तक 70.43 लाख हैक्टेयर में बोवनी हो चुकी है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि सोयाबीन की फसल लगाने का समय अब गुजर चुका है। इस वजह से कास्तकार अब सोयाबीन के बजाय अरहर, मक्का, मूंग, उड़द की फसल विकल्प के रूप में लगा सकते हैं। प्रदेश में वर्षा का सिलसिला जारी है। इस सीजन में पूर्वी मप्र में सामान्य से 14 प्रतिशत एवं पश्चिमी मप्र में 15 प्रतिशत अधिक वर्षा हो चुकी है। मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि अभी वर्षा का दौर थमने की संभावना भी कम है। उधर खरीफ की प्रमुख फसल सोयाबीन की फसल की बोवनी का अनुकूल समय 15 जून से 15 जुलाई तक का होता है। जिन किसानों के पास सिंचाई का साधन था, उन्होंने ने मानसून का इंतजार किए बिना बोवनी कर दी थी। अन्य किसानों की मानसून के आने का इंतजार किया। उधर मानसून के सक्रिय होते ही वर्षा का क्रम जारी है।
बतर नहीं पड़ने के कारण सोयाबीन की बोवनी का समय ही गुजर गया।

## संपर्क क्रांति से शराब तस्कर गिरफ्तार

■ भोपाल, यशभारत।

**63 बोतल महंगी मदिरा बरामद**

जिला आबकारी भोपाल और आरपीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को महंगी शराब के साथ ट्रेन से गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से डेढ़ लाख कीमत की अवैध शराब बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचूरा ने बताया कि गुरुवार को मुखबिर से ट्रेन के जरिए शराब तस्करी किए जाने की सूचना मिली थी। इस पर मुखबिर के बताए अनुसार आरपीएफ एवं जिला आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा ट्रेन तिरुपति संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के कोच क्क-3 में तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपित सुनकारा नरेश पिता नाग थर्मिया उम्र 28 वर्ष निवासी मकान नंबर 7 वेनकरम थाना पल्ली आंध्र प्रदेश से जानी वाकर रेड लेबल व्हिस्की की 63 बोतल अवैध रूप से परिवहन करते हुए जब?त की गई। जब्त मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य 1,51,200 रुपये है। आरोपित के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया! प्रकरण आबकारी उपनिरीक्षक अभिलाष पाठक द्वारा दर्ज कर आगामी विवेचना की जा रही है।आगे भी आरपीएफ के साथ संयुक्त रूप से ट्रेन मे अवैध मदिरा के खिलाफ तलाशी कार्रवाई जारी रहेगी।

## बैंक आफ बड़ौदा के ग्राहकों पर दिल्ली से सलामी साइबर अटैक

### भोपाल में 45 लोगों ने दर्ज कराई शिकायत

■ भोपाल, यशभारत।

बैंक आफ बड़ौदा (बीओबी) के ग्राहकों के खाते से रुपये निकालने के लिए दिल्ली के चाणक्यपुरी, नेहरु प्लेस, पार्लियामेंट हाउस के पास बने एटीएम का इस्तेमाल किया गया है। साइबर हैकर्स ने डार्कवेब के जरिए ग्राहकों की निजी जानकारियां खरीदकर इस ठगी को अंजाम देने की शुरुआत की। साइबर क्राइम की दुनिया में इसे सलामी साइबर अटैक कहते हैं, जिसमें किसी बैंक के बहुत सारे ग्राहकों के खातों से छोटी छोटी राशि निकाल ली जाती है।
बैंक के परेशान ग्राहकों में भोपाल के बाद सागर एवं इंदौर के ग्राहक भी शामिल हो चुके हैं। भोपाल में ऐसे ग्राहकों की संख्या 45 हो चुकी है, जिनके खातों से लगभग सात लाख रुपये निकल चुके हैं। डीसीपी श्रुतकीर्ति



सोमवंशी ने बताया कि दो दिन में भोपाल सायबर क्राइम पुलिस के पांच ईमेल का बैंक प्रबंधन ने अब तक जवाब नहीं दिया है।
क्लोनिंग नहीं हुई है, साइबर अटैक हुआ
मौखिक रूप से बैंक ने भोपाल पुलिस को बताया है कि हमारे एटीएम कार्ड में चिप लगी है, जिसकी क्लोनिंग करना मुमकिन नहीं है। अब पुलिस के लिए बड़ा सवाल ये है कि यदि कार्ड में चिप लगी है तो ओटीपी क्यों नहीं आया। यानी कस्टमर्स का डेटा चोरी हुआ है। ऐसे में साइबर पुलिस का मानना है कि यह बैंक पर साइबर अटैक है, लेकिन बैंक प्रबंधन इस मामले में जानकारी देने से इसलिए बच रहा है कि ग्राहक परेशान हो सकते हैं।

### स्टेट साइबर सेल भी सक्रिय

जालसाजों का दायरा बढ़ता देख स्टेट साइबर सेल भी मामले की जांच में एक्शन में आ गया है। स्टेट साइबर ने भोपाल पुलिस से पूरे मामले की जांच रिपोर्ट मांगी जा रही है। अब तक की जानकारी के आधार पर लगता है कि ये कोई राष्ट्रीय स्तर का गिरोह हो सकता है । इसलिए स्टेट सायबर सेल भी इस मामले की जांच में भोपाल पुलिस की मदद करेगी।

## सर्पदंश के बाद आठ घंटे तक कराते रहे झाड़-फूंक, इकलौते बेटे की मौत

■ भोपाल, यशभारत।

नजीराबाद थाना इलाके में एक युवक को दुकान में जहरीले सर्प ने डस लिया। उपचार के लिए अस्पताल ले जाने के बजाए स्वजन उसे अलग-अलग स्थानों पर झाड़-फूंक कराने ले गए। घटना के आठ घंटे बाद बेसुध होने पर युवक को अस्पताल ले जाया गया। वहां चेक करने के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह परिवार का इकलौता बेटा था।नजीराबाद थाने के एएसआइ एसआर लोवंशी ने बताया कि 19 वर्षीय शुभम पुत्र ओमप्रकाश साहू ग्राम रुनाहा में परिवार के साथ रहता था। 12वीं पास करने के बाद वह अपने घर में हार्डवेयर की दुकान चलाता था। उसके पिता की मौत हो चुकी है। वह मां और बड़ी बहन के साथ रहता था।



सोमवार को दोपहर 12 बजे वह दुकान में सामान जमा रहा था, तभी लकड़ी की पेटी पर पैर रखते ही उसके दाहिने पैर की अंगुली में सर्प ने डस लिया था। उसने फोन पर घटना के बारे में अपने चाचा अशोक को बताया। वह शुभम को झाड़-फूंक कराने सीहोर के लोधीपुरा गांव ले गए। वहां आराम नहीं लगने पर शुभम को लटेरी ले जाया गया। दिन भर चली तंत्र-मंत्र की कवायद के बाद भी शुभम की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ, तो उसे वापस घर लाया जा रहा था। रात आठ बजे बैरसिया क्षेत्र में शुभम बेसुध हो गया। इसके बाद स्वजन उसे बैरसिया अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डाक्टर ने चेक करने के बाद शुभम को मृत घोषित कर दिया।

## नई पीढ़ी को धर्म और संस्कृति का ज्ञान देंगे

### 40 दिन प्रज्जवलित रहेगी अखंड ज्योति

■ भोपाल, यशभारत।

वरुण अवतार भगवान झूलेलाल के वंशज इस बार भी चालीहा महोत्सव श्रद्धा के साथ मनाएंगे। लगातार 40 दिन तक अखंड ज्योति प्रज्जवलित रहेगी। इस दौरान सनातन संस्कृति से ओत-प्रोत आयोजन होंगे। धर्म और संस्कृति से विमुख हो रही नई पीढ़ी को सनातन परंपराओं से अवगत कराने के लिए विशेष आयोजन होंगे।विजयनगर लालघाटी स्थित हरिसेवा गंगाधाम दरबार में महोत्सव से पहले विशेष पूजन किया गया। इसमें विजयनगर सिंधी समाज उत्थान पंचायत के अध्यक्ष आनंद सबधानी एवं थद्धाराम फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेश ज्ञानचंदानी सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हुए। सबधानी ने बताया कि भगवान झूलेलाल की उपासना का 40



दिनी महोत्सव 16 जुलाई को बहिराणा पूजन के साथ शुरू होगा। पूजा-अर्चना के साथ युवा पीढ़ी को सनातन संस्कृति और समाज की परंपरागत जल एवं ज्योति की पूजा के महत्व से अवगत कराया जाएगा। पंचायत ने इस आयोजन में युवाओं एवं महिलाओं को जोड़ने के लिए विशेष संपर्क अभियान शुरू किया है। संत हिरदाराम नगर में पूज्य झूलेलाल चालीहा उत्सव समिति की ओर एच वार्ड स्थित मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ महोत्सव प्रारंभ किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष पुरषोत्तम हरचंदानी ने बताया कि इस दिन अनेक श्रद्धालु 40 दिन के कठिन उपवास शुरू करेंगे। लगातार जल एवं ज्योति की पूजा-अर्चना की जाएगी। पूजन के बाद शीतलदास की बगिया पर जल वितरण किया जाएगा। नेहरू पार्क परिसर स्थित झूलेलाल मंदिर में भी विशेष पूजा-अर्चना के साथ 40 दिनी उत्सव शुरू होगा। न्यू बी 10 स्थित मंदिर में भी महोत्सव मनाने की तैयारियां की गई हैं।

## वर्ष 2024 तक टीबी मुक्त राज्य के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे- स्वास्थ्य आयुक्त

भोपाल(ईएमएस)। प्रदेश में समन्वित प्रयास से 2024 तक टीबी मुक्त राज्य बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने यह बात जिला क्षय अधिकारियों से कही। डॉ. खा? क्षय नियंत्रण कार्यक्रम में ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को मैदानी अमले के साथ बेहतर ढंग से क्रियान्वित किया जाना है। जिला क्षय अधिकारी प्रशिक्षण प्राप्त कर मैदानी अमले को प्रशिक्षित करेंगे।प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास ने बताया कि राज्य के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से सेम्पल एकत्र करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। प्रदेश में कार्यरत 9300 सीएचओ से राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग लिया जा रहा है। टीबी नियंत्रण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक किया जायेगा। डॉ. संजय सूर्यवंशी, डॉ. अरूण कुमार, डॉ. अशोक भारद्वाज, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. मलिक परमार और डॉ. तल्हा साद ने प्रशिक्षण दिया।

## छात्राएं बोलीं- हमारा सपना आइपीएस बनना

### कलेक्टर ने कहा- प्रयास जारी रखना

■ भोपाल, यशभारत।

जिले के स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति सुधारने और पढ़ाई का स्तर बेहतर बनाए रखने के लिए निरंतर कलेक्टर आशीष सिंह औचक निरीक्षण कर रहे हैं। इसी के तहत बुधवार को कलेक्टर ने सीएम राइज कमला नेहरू स्कूल और शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने छात्राओं से बातचीत करते हुए पढ़ाई के बारे में पूछा और चर्चा की। इस पर कुछ छात्राओं ने कहा कि उनका सपना है कि वह भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) की अधिकारी बनें। इस पर कलेक्टर ने उनका हौसला बढ़ाते हुए कहा कि प्रयास जारी रखना। इसके साथ ही स्कूल की अन्य व्यवस्थाएं का जायजा भी लिया।



**567 छात्राएं थी उपस्थित, अनुपस्थित नहीं मिले शिक्षक**

कलेक्टर आशीष सिंह ने बुधवार को दोपहर तीन बजे सीएम राइज कमला नेहरू कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टीटीनगर का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी भी मौजूद थे। इस दौरान कक्षाएं लग रहीं थी। कलेक्टर एक कक्षा में पहुंचे और छात्राओं से विद्यालय के हालात के बारे में पूछा। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित भी किया। विद्यालय में छात्राओं की कुल संख्या 872 दर्ज है। जिनमें से 567 छात्राएं उपस्थित थीं। वहीं कोई भी शिक्षक अनुपस्थित नहीं मिला। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्य संगीता सक्सेना ने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यों का परिचय भी दिया। जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में छात्रों के लिए स्मार्ट कक्षाएं शुरू की गई है।



## मंदिरों में सरकारी दखल समाप्त करने सड़कों पर उतरे संत-पुजारी

■ भोपाल, यशभारत।

**पुलिस ने गिरफ्तार कर छोड़ा**

प्रदेशभर से आए संत-पुजारी बुधवार को राजधानी में एकत्रित हुए और विधानसभा का घेराव करने निकले। टीटी नगर नानके पेट्रोल पंप तिराहे पर उन्हें पुलिस ने रोक लिया। नाराज संत-पुजारियों ने शिवराज सरकार पर वादाखिलाफी के आरोप लगाया। केसरिया हिंदू वाहिनी सनातन कल्याण समिति के बैनर तले बड़ी संख्या में संत-पुजारियों ने प्रदर्शन किया। बड़ी तादाद में पुलिस जवानों ने बैरिकेडिंग कर पुजारियों को रोकने की कोशिश की। इस दौरान संत-पुजारियों व पुलिस के बीच बहस भी हुई। विरोध बढ़ता देख पुलिस ने इन पुजारियों को गिरफ्तार किया। थोड़ी देर बार पुलिस ने गिरफ्तार किए गए संत-पुजारियों को माला पहनाकर सम्मान करके छोड़ दिया। प्रदर्शन के बीच टीटी नगर से माता मंदिर प्लेटिनम प्लाजा के रास्ते पर ट्रैफिक जाम लगने की स्थिति निर्मित हुई। पुलिस को दूसरी तरफ वाले सड़क के हिस्से पर ट्रैफिक डायर्वट किया, तब जाकर जाम खुल सका।
पुजारियों का कहना है कि मांगों के निराकरण के लिए न ही कांग्रेस सरकार आगे आई और न ही भाजपा सरकार आई है। पुजारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती है तो वह व्यापक आंदोलन करेंगे। पुजारी संघ के अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा ने बताया कि भगवान परशुराम जयंती पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की थी कि मंदिरों में शासन की दखल नहीं रहेगा। पुजारियों का मानदेय बढ़ेगा। लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। मंदिरों पर दबंगों का कब्जा किया जा रहा है। तहसीलदार और कलेक्टर इन जमीनों को नीलाम कर रहे हैं।

## गड्ढे में गिरने से घायल युवक की मौत

■ भोपाल, यशभारत।



शहर के उपनगर कोलार में स्थित मदर टेरेसा स्कूल मार्ग पर गड्ढे में एक बाइक सवार युवक गिर गया। इस दुर्घटना में युवक बुरी तरह घायल हो गया था। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां हादसे के पांच दिन बाद इलाज के दौरान बुधवार को उसकी मौत हो गई। सिक्सलेन निर्माण के लिए स?क खोदाई के साथ गड्ढा खोदा गया है। इसके चारों ओर बैरिकेडिंग नहीं की गई थी।पुलिस के मुताबिक ओम प्रकाश (30 साल) पुत्र रामकुमार पाल बोर्दा गांव में रहता था। डे? महीने पहले तक वह दवा कंपनी में दवा प्रतिनिधि था। कुछ दिन पहले उसकी नौकरी चली गई थी, वह नई नौकरी की तलाश में था। सात जुलाई की दोपहर वह घर पर नौकरी तलाशने का कहकर घर से निकला था। शाम करीब पांच बजे वह कोलार कालोनी स्थित पुराने मकान में रह रही बहन से मिलने पहुंचा। यहां से दोस्तों के मुलाकात का बोल कर निकल गया। रात करीब साढ़े नौ बजे वापस घर लौट रहा था। इस दौरान वह हादसे का शिकार हो गया।

### सिक्सलेन निर्माण के लिए खोदी गई है सड़क

हेलमेट पहने होने के बाद भी उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी। ओमप्रकाश के बड़े भाई ज्ञानपाल ने बताया कि ओम प्रकाश की शादी 19 नवंबर 2019 को उत्तर प्रदेश के रायबरेली की रहने वाली पूजा से हुई थी। उसकी डेढ़साल की बेटी परी है। हादसे की खबर सुनते ही पूजा की तबीयत बिगड़ गई। बच्ची लगातार पापा को पुकार रही है। ओमप्रकाश घर से निकलते समय बेटी को बाइक से घुमाया करता था। हादसे वाले दिन भी घर से निकलते समय ऐसा ही किया था। बुधवार शाम जब ओमप्रकाश की अर्थी निकली थी, तब पूजा बेहोश हो गई, उसे तेज बुखार है। इस सिक्सलेन निर्माण के दौरान बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस सड़क निर्माण कंपनी को क्लीनचिट देने के बाद बाइक सवार मृतक पर ही एफआइआर दर्ज की थी।

## खातियार गिर को रामसर साइट घोषित करने का प्रस्ताव भेजा जाएगा

■ भोपाल, यशभारत।

**पर्यावरण मंत्री डंग की अध्यक्षता में राज्य वेटलेण्ड प्राधिकरण की बैठक**

पर्यावरण मंत्री हरदीप सिंह डंग की अध्यक्षता में आज पर्यावरण परिसर में हुई राज्य वेटलेण्ड प्राधिकरण की बैठक में चम्बल अभयारण्य के खातियार गिर ईको रीजन वेटलेण्ड को देश के नये रामसर साइट में शामिल करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। प्रदेश में भोज वेटलेण्ड सहित 4 रामसर साइट हैं। इनमें से इंदौर की यशवंत सागर और सिरपुर तालाब, माधव राष्ट्रीय पार्क शिवपुरी के साख्य सागर को पिछले वर्ष केन्द्र शासन से रामसर साइट का दर्जा मिला है।केन्द्र शासन की एनपीसीए योजना में धार वेटलेण्ड कॉम्पलेक्स (धूपसागर, देवीसागर और मुंजसागर) और गिरवर तालाब शाजापुर की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। धार वेटलेण्ड कॉम्पलेक्स के लिये परियोजना राशि 37 करोरू 14 लाख और गिरवर तालाब के 6 करो? 69 लाख की स्वीकृति मिल चुकी है। प्रदेश में 2 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाले 15 हजार से अधिक तालाबों का संरक्षण सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन अनुसार किया जा रहा है।

## हाईकोर्ट अवैध धर्मस्थलों के मामले में कार्रवाई नहीं होने से नाराज

■ भोपाल, यशभारत।

सड़क किनारे सरकारी जमीन पर कब्जा कर के बनाए गए अवैध धर्मस्थलों के मामले में मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने पूर्व दिशा-निर्देश के पालन में ठोस कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई। हाईकोर्ट ने अवमानना के सभी आरोपियों को अलग-अलग शपथ पत्र पेश करने के सख्त निर्देश दे दिए। इस मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की गई है। मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ के समक्ष मामला सुनवाई के लिए लगा। इस दौरान अवमानना याचिकाकर्ता अधिवक्ता सतीश वर्मा ने अपना पक्ष स्वयं रखा। अधिवक्ता अमित पटेल ने पैरवी में सहयोग किया। दलील दी गई कि विगत सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने अपने व सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट दिशा-निर्देश के बावजूद सड़क किनारे व



सार्वजनिक स्थलों पर काबिज अवैध धर्मस्थल न हटाए जाने के रवैये को आड़े हाथों लिया था। यही नहीं पूर्व निर्देश के बावजूद एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश न किए जाने पर नाराजगी भी जताई थी। साथ ही सख्ती बरतते हुए अगामी तिथि पर अवमानना के आरोप पर सुनवाई की व्यवस्था दे दी थी। इसके बावजूद अवमानना के आरोपितों का रवैया पूर्ववत लापरवाही भरा नजर आ रहा है। अधिवक्ता सतीश वर्मा ने 2014 में

### अवमानना के सभी आरोपियों को शपथ पत्र पेश करने के दिए निर्देश

अवमानना याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हाई कोर्ट ने भी साल 2018 में स्वंत संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई जनहित याचिका के रूप में किए जाने की व्यवस्था दी थी। इसके अलावा एक अन्य जनहित याचिका भी दायर की गयी थी, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर के बाहर सड़क पर मंदिर बनाए जाने को चुनौती दी गयी थी। याचिकाओं पर पूर्व में संयुक्त सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट को अवगत कराया गया था कि सार्वजनिक स्थलों व सड़क किनारे बने अवैध धार्मिक स्थलों को हटाने के आदेश का पूर्णतः पालन नहीं किया गया है। रोड चौड़ीकरण, नाली निर्माण व फुटपाथ में 64 अवैध धार्मिक स्थल बाधक बने हुए है। कलेक्टर राजनीतिक दबाव के कारण अवैध धार्मिक स्थलों को हटाने से पीछे हट रहें है। कैंटोनमेंट और रेलवे और आर्मी एरिया के भी अवैध धार्मिक स्थल कलेक्टर की उदासीनता के कारण नहीं हटाए जा सके हैं। हाई कोर्ट के आदेश पर पूर्व में हटाए गए 11 अवैध धार्मिक स्थलों का पुनःनिर्माण किया जा रहा है। कैंटोनमेंट बोर्ड की तरफ हाई कोर्ट को अवगत कराया गया कि कैंट में बचे हुए धर्म स्थल हटाने के लिए कलेक्टर को बार-बार पत्र लिखा गया था।

# नुनसर स्कूल में भर रहा ग्राम का गंदा पानी

**बेलखाड़ू यश भारत। पाटन के नुनसर प्राथमिक शाला ,माध्यमिक शाला नुनसर में पानी निकासी रुक जाने से प्राथमिक माध्यमिक शाला नुनसर में भर रहा है ग्राम का गंदा पानी जिसमें स्कूल के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को बीमारी का अंदेशा बना हुआ है।जिसमें स्कूल के छात्र छात्राओं को पानी पीने नहीं मिल पा रहा ग्राम पंचायत नुनसर द्वारा संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया था जिसमें एमपीआरडीसी द्वारा सड़क निर्माण कार्य किया गया था जिसमें पानी की निकासी बंद हो गई थी।ग्राम पंचायत द्वारा पानी निकासी की मांग शासन एवं प्रशासन से लगातार की जा रही है जिम्मेदारों को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया गया आए दिन स्कूल परिसर के ग्राउंड में जरा सी बारिश में पानी भर जाता है जिससे बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।**

### महिलाएं जर्जर भवन में खाना बनाने को मजबूर

ग्राम की महिलाएं स्कूल में बच्चों के लिए मध्यान भोजन निर्माण के लिए जर्जर भवन पर आश्रित हैं।।बरसात के दिनों में मध्यान्ह भोजन बनाने वाली महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समूह की महिलाओं का कहना है की खाना बनाते समय परेशानी जा रही है कमरों में जगह जगह पानी टपकता है पानी भर जाता है जगह-जगह कम रों की ईट झड़ते हैं जिस कमरों में भोजन बनता है वह कमरे बहुत ही पुराने हैं खप्पर वाले और जर्जर है जिससे खाना बनाते समय डर बना रहता है, मध्यान्ह भोजन बनाने वाली समूह की महिलाओं ने, भोजन कक्ष निर्माण की मांग की लेकिन किसी भी जिम्मेदार में ध्यान नहीं दिया।



### जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान बच्चे हो रहे परेशान

### गंदगी का अंबार शौचालयों की स्थिति काफी बदहाल

प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल में शौचालयों की स्थिति काफी बदहाल है गंदगी का अंबार है जैसे कभी साफ-सफाई ही नहीं होती जगह जगह क्षतिग्रस्त हो गए हैं बच्चों को सोच के लिए जाना हो तो गंदगी के बीच ही जाना पड़ता है वही स्कूल परिसर में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ।

### क्लासरूम में भर जाता है पानी बरामदे में लग रही क्लास

नुनसर स्कूल का यह हाल है की जरा सी बारिश हुई और पूरा पानी बहकर स्कूल प्रांगण में आ जाता है और पानी क्लास रूम में जाता है जिसके कारण क्लासरूम पानी से भर जाते हैं और बच्चों को मजबूरी में शिक्षकों द्वारा बरामदा में बैठालकर पढ़ाई करवाना पड़ रहा है।

## खराब ट्रांसफार्मर से किसान परेशान



गोसलपुर, यशभारत। विद्युत वितरण केंद्र गोसलपुर के अंतर्गत जुझारी ब्रिज के पास नहर के किनारे कृषि क्षेत्र में बिजली सप्लाई करने वाला ट्रांसफार्मर विगत काफी दिनों से दो फेस निकाल रहा है जिस कारण किसानों की सिंचाई नहीं हो पा रही है ज्ञात हो की इस समय किसानों के खेतों में धान की रोपाई का काम चल रहा है जिस कारण खेत में पानी की आवश्यकता पड़ती है परंतु विगत काफी दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण खेतों में लगे ट्यूबवेल शोभा की सुपारी बनकर रह गए हैं कृषक विनोद पटेल मिथिलेश पटेल राजेंद्र तिवारी ने बताया की उन्होंने अपने खेत में कृषि पंप का ट्रांसफार्मर लगाया था जो विगत काफी दिनों से खराब है जिससे दो फेस की विद्युत आपूर्ति की जा रही है जिसे चेक करने हेतु स्थानीय विद्युत अमले से अनेकों बार बोला गया परंतु किसी ने अभी तक उक्तखराब ट्रांसफार्मर को चेक करने की जेहमत नहीं उठाई जिस कारण कृषकों को कृषि कार्य करने में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है लोगों ने इस दिशा में शीघ्र ही खराब ट्रांसफार्मर को बदलवाने की मांगकी है।

## वासु सोनी का नवोदय में चयन



बरेला, यशभारत। नवोदय विद्यालय बरगी में वासु सोनी का चयन हुआ आपने बरेला नगर का नाम रोशन किया है आप मनीष सोनी ( दीपू )के पुत्र हैं।

## ब्लॉक कांग्रेस ने तीन विभागों में सौंपा ज्ञापन



**बरेला, यशभारत।** नगर में व्याप्त आनिमिताओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने नगर परिषद, थाना बरेला, उप तहशील, तीनों विभाग में क्रमश:1- नगर की मूलभूत सुविधाओं जैसे नाली, नालों की सफाई, रोडों का सीमेंटीकरण, टैक्स में कटौती,दूषित बीमारियों की रोकथाम, सडक़ पर आवारा पशुओं की व्यवस्था।2-पुलिस की नाक के नीचे चल रहे नगर में जुंआ, सट्टा, चरस, चोरी,अन्य अपराधों पर अंकुश लगाने।3-किसानों की समस्याओं को लेकर जैसे नामांत्रण, फौती,तहशील कार्यालय में बाहरी व्यक्तियों का हस्तक्षेप, कर्मचारियों का समय पर न मिलना आदि समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने सभी के निराकरण हेतु सात दिनों के भीतर व्यवस्थित करने ज्ञापन सौंपा गया।अगर इन विभागों द्वारा निर्धारित समय पर आम जनमानस की समस्याओं को राहत नहीं मिली तो आवाज बुलंद कर ब्लॉक कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी।इस अवसर ब्लॉक अध्यक्ष सतेन्द्र गर्ग, अरविंद तिवारी, विपिन झारिया,रामजी रैकवार, विजय जैन,जहीर अहमद, अनुराग पटेल, कपिल पटेल,भूपेन्द्र यादव, रामकुमार नामदेव, दिनेश सोनी, अशोक विश्वकर्मा,राजीव गौतम, संजू पटेल,शहीद खान,शेख शानू आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# पाठ्यक्रम को रोचक बनाने के लिए बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा दें

**सिहोरा, यशभारत।** विकासखंड स्तरीय एफ एल एन शिक्षक प्रशिक्षण में प्रशिक्षण प्रभारी ब्रजेश श्रीवास्तव ने बताया कि मास्टर ट्रेनर द्वारा 141 शिक्षकों को नई शिक्षण गतिविधियों से पढ़ाने और पाठ्यक्रम को रोचक बनाने के लिए बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने कि जानकारी दी। प्रशिक्षकों में नीलेश शुक्ला,सरिता तिवारी,सर्जना हल्दकार, वीरेंद्र हल्दकार,महेश पटेल,बृजेश झारिया,विष्णु पटेल,के एल रैदास है।बताया कि प्रशिक्षण से शिक्षकों की शैक्षणिक गुणवत्ता में परिवर्तन आएगा। सभी शिक्षकों को शिक्षक संदर्शिका तथा वर्क बुक का सही प्रकार से प्रयोग करना बताया गया। बच्चों को अलग-अलग विषय समझाने के लिए शिक्षकों ने स्वयं टीएलएम बनाई और उसका प्रदर्शन किया गया। बी आर सी पी एल रैदास, अश्विनी उपाध्याय,अशोक तिवारी, रामकिशोर हल्दकार ,अक्षय चौदहा,श्याम राव मांडेलकर,अशोक मिश्रा,श्रीमती कार्तिका गुप्ता,आशा आर से एम आई एस, कृष्ण कुमार पटेल हेमंत पाठक,ओमप्रकाश तिवारी उपस्थित रहकर सहयोग कर रहे हैं।

## संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन का रक्त दान शिविर

**बरेला, यशभारत।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान मे मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य में 16 जुलाई रविवार को विशाल रक्त दान शिविर का आयोजन किया जा रहा है यह शिविर संत निरंकारी भवन धनपुरी मे सुबह 10 बजे से 3 बजे तक आयोजित होगा संस्था की ब्रांच - बरेला, धनपुरी और बम्हनी के सभी सदस्यों ने इस शिविर में शामिल होकर रक्त दान करने की अपील की है। संस्था द्वारा समय समय पर रक्त दान शिविर आयोजित किया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य है शिविर के माध्यम से एकत्रित रक्त जरूरत मंद के काम आ सके।

## देगवा जुआ फड़ पर पुलिस की दविश सात जुआरी चढ़े हत्थे सरगना फरार

**गोटेगांव , यशभारत।** विगत दिवस दिन गुरुवार को गोटेगांव थाना पुलिस ने मुखबिर द्वारा दी गई सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए जुए के फड़ पर दबिश दी जिसमें 7 जुआरियों सेख हामिद ,राहुल जैन निवासी जबलपुर विजयनगर, भागीरथ निवासी पाटन ,प्रवीण शुक्ला गोटेगांव अकरम रद्दी चौकी, शैलेन राजपूत शहपुरा, को 52 पत्तों के साथ ?16000 कैस जप्त कर जुआरियों को गोटेगांव थाना लाया गया जिनके खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला कायम कर कार्यवाही की गई। जुआरीओ से एक स्कूटी दो वाईक को मौके पर जप्त किया किया जुआ के मुख्य सरगना सुरेंद्र पटेल,जय सिंह बिजौरी मौके से फरार हो गया है इस कार्यवाही में गोटेगांव थाना एसडीओपी भावना मरावी थाना प्रभारी हेमलेन्द्र पटेल उप निरीक्षक विजय सेन, विपिन पटेल, आशीष ढैकवार, सुमित झकमोला सहित गोटेगांव पुलिस स्टाफ की कार्यवाही में मुख्य भूमिका रही

# बिजली कटौती से परेशानी

## अधिकारियों से ध्यान देने की मांग

**गोसलपुर, यशभारत।** सिहोरा तहसील मुख्यालय से 12 किलोमीटर की दूरी पर बसे गोसलपुर मे संचालित विद्युत वितरण केंद्र के तहत पिछले काफी दिनों से नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बेतहाशा अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है आम जनमानस के लिए कटौती परेशानी का सबबबनी हुयी है ज्ञात हो की इस समय बारिश के चलते जहरीले जीव जंतुओं का खतरा मंडराता रहता है रात के अंधेरे में अनेक दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं वहीं सर्पदंश के भी अनेक मामले सामने आ रहे हैं वहीं दूसरी ओर मौसम खुलने के बाद उमस भरी चिपचिपी भीषण गर्मी भी झेलनी पड रही है ऐसे मे गर्मी मिटाने हेतु सिर्फ पंखा कूलर बिजली से चलने वाले उपकरण ही सहारा है कई घंटे अघोषित कटौती से लोगों परेशान होना पड़ रहा है वही बिजली पर आश्रित धंधा फोटोकॉपी आटा चक्की तेल मिल प्लांट बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं और तो और सबसे ज्यादा बिजली कटौती से नल जल योजना पूरी तरह प्रभावित हो रही है कटौती के चलते गांव की ठीक-ठाक ढंग से जलापूर्ति नहीं हो पा रही है।

### *किसानो नही मिल रही बिजली

गोसलपुर रामपुर गांधीग्राम लखनपुर रमखिरिया फीडर के अंतर्गत आने वाले गांव के किसान इस समय पर्याप्त बिजली न मिल पाने के कारण बेहद परेशान हैं किसानों ने बताया की उनके खेतों में इस समय धान की रौपाई चल रही है सिंचाई हेतु बिजली की अति आवश्यकता है परंतु विद्युत वितरण कंपनी केअधिकारियों की अनदेखी व स्थानीय अमले की लापरवाही के चलते किसानों को दस घंटे मे महज पांच घंटे बिजली मिल पा रही है जिससे किसानों की खेती किसानी का काम प्रभावित हो रहा है।

# फसल बीमा रथ को किया रवाना

**पनागर, यशभारत।** फसल बीमा राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के द्वारा किसानों की फसल की सुरक्षा हेतु लागू की जाती है मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन संबंधी अधिसूचना खरीद 2023 मौसम के लिए जारी कर दी गई है जबलपुर जिले हेतु भारतीय कृषि बीमा कंपनी अधिकृत बीमा कंपनी घोषित की गई है फसल बीमा योजना अंतर्गत किसानों की फसलों में होने वाली प्राकृतिक आपदाओं जैसे सूखा ओलावृष्टि जलभराव तूफान चक्रवात या आकाशीय बिजली गिरने से लगने वाली आग से यदि फसलों को हानि होती है तो फसल बीमा कंपनी किसानों को बीमा राशि का भुगतान करेगी बीमा हेतु खरीफ फसलों की प्रीमियम दर बीमित राशि का अधिकतम 2त्न होती है एवं बागवानी फसलों हेतु बीमित राशि का अधिकतम 5त्न प्रीमियम देय होता है फसल बीमा हेतु ऋणी एवं गैर ऋणी कृषक बटाईदार साझेदार किसान भी अधिसूचित क्षेत्र में बीमा लाभ ले सकते हैं किसान कल्याण तथा तथा कृषि विकास के अनुविभागीय अधिकारी पाटन डॉक्टर इंदिरा त्रिपाठी ने बताया कि फसल बीमा योजना के प्रचार-प्रसार के लिए रथ विकासखंड में किसानों के बीच में जा रहा है किसान निर्धारित प्रपत्र में अपना बीमा आवेदन संबंधित बैंक में या बीमा कंपनी के अधिकृत कार्यकर्ता के द्वारा जमा किए जा सकते हैं सभी पात्र कृषकों का बीमा आच्छादन भारत सरकार के पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य है जिसके बिना आच्छादन स्वीकार नहीं होता इसमें सभी कृषकों को अपना आधार क्रमांक एवं फसल बोने वाली भूमि का खसरा रकबा का उल्लेख करना होता है।



# अनियंत्रित होकर बस सड़क किनारे उतरी

### 20-25 यात्री मामूली चोटें, जबलपुर रैफर

**गोटेगांव, यशभारत।** विगत दिवस बुधवार की रात करीब 10 बजे गोटेगांव के समीप ग्राम कमोद दादा महाराज के पास यात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे उतर गई। हादसे के वक्त बस में 20-25 यात्री सवार बताए जा रहे है घायल यात्रियों को ही मामूली चोटें आई पहुंचने की खबर हैं। जिनको एंबुलेंस एवं निजी वाहनों की सहायता से जबलपुर ले जाया गया है घटना के बाद ड्राइवर व कंडक्टर बस को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार क्षत्रिय तीर्थ यात्रा बस जबलपुर यात्री बस क्रमांक एमपी 44 पी 0186 जबलपुर से गोटेगांव लेवर एवं नरसिंहपुर तीर्थ यात्रियों को छोड़ने जा रही थी। रात करीब 11 बजे गोटेगांव से पांच किलोमीटर दूर कमोद दादा महाराज के पास ड्राइवर का बस से नियंत्रण खो गया और बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सड़क किनारे बस उतरने से बड़ा हादसा टल गया ।वहीं घटना की जानकारी लगते ही मौके पर गोटेगांव एसडीओपी भावना मरावी पुलिस स्टाफ के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की जिसके बाद गोटेगांव समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घायलों से जानकारी एकत्रित की।

## स्वास्थ्य शिविर में नहीं पहुंचे एमपीडब्ल्यू एएनएम



**स्वास्थ्य विभाग का कारनामा**

**बरेला, यशभारत।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरेला अंतर्गत ग्राम बम्हनी में बुधवारवार को स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया था. इस शिविर के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाया जाना था. किंतु इस शिविर में केवल कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर ही पहुंच पाई तथा यहां पर लगाई गई ड्यूटी मैं एमपीडब्ल्यू और एएनएम उपस्थित नहीं हो पाए जिसकी शिविर में जमकर जन चर्चा हुई।इस संबंध में ग्राम पंचायत बमहनी की सरपंच श्रीमती वर्षा नीलकमल झारिया ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया थाजिसमें कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर दीपा अहरबार. एमपीडब्ल्यू हल्के पटेल और एएनएम चंद्र वती धुर्वे की ड्यूटी लगाई गई थी. किंतु इस शिविर में केवल डॉक्टर डॉ दीपा अहिरवार ही उपस्थित रहें बाकी अन्य कर्मचारियों का अता पता नहीं था जिसके कारण ग्राम वासियों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम में पदस्थ एमपीडब्ल्यू एएनएम केवल टीकाकरण के दिन ही आते हैं. बाकी अन्य दिनों में इनका कोई पता नहीं रहता है इसी कारण लोगों को स्वास्थ्य विभाग की सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं तथा ग्रामीणों को बरेला तथा जिलाचिकित्सालय जबलपुर के चक्कर काटने के लिए विबस होना पड़ता है. ग्रामीणों ने अनुपस्थित एमपीडब्ल्यू और एएनएम पर कार्यवाही की मांग की है

**. इनका कहना है**

. ग्राम में शिविर का आयोजन किया गया था जिनमें एमपीडब्ल्यू एएनएम अनुपस्थित पाए गए हैं. जबकि इनकी ड्यूटी शिविर में लगाई गई थी.

**डॉ दीपा अहिरवार कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर**

# पुल पर दिनदहाड़े युवक की हत्या



**अस्पताल और पुल पर भीड़ मे दिखा आक्रोश**

**गाडरवारा(यशभारत)।** नगर में उस समय सनसनी फैल गई जब दिनदहाड़े शक्कर नदी पुल पर एक युवक को धारदार हथियार चाकू मारकर हत्या कर दी गई द्य निरंजन वार्ड पुल के उस पार निवासरत विवेक श्रीवास पिता स्वर्गीय अशोक श्रीवास उम्र लगभग 20 वर्ष अपने घर से दोपहर 12 बजे करीब पैदल शहर की तरफ जा रहा था तभी शक्कर नदी के बीच पुल पर अज्ञात व्यक्ति ने उसकी पीठ पर कमर के पास धारदार हथियार मारकर घटना को अंजाम देकर फरार हो गया द्य मृतक विवेक पुल पर मदहोश अवस्था में पढ़ा हुआ था किसी परिचित ने उनके परिजन को फोन पर सूचना दी की ऐसा लग रहा है तुम्हारे लड़के का एक्सीडेंट हो गया है। खबर मिलते ही मौके पर उसका मौसेरा भाई सत्यम ने पहुंचकर एंबुलेंस से घायल अवस्था में उसे चिकित्सालय लेकर आया द्य अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया द्य सत्यम के बताए अनुसार पीछे की तरफ कमर के पास गहरा घाव था ऐसा लग रहा था चाकू या गोली से इस घटना को अंजाम दिया गया है द्य इस घटना की खबर लगते ही चिकित्सालय में सेन जागृति संघ सहित नगर के लोग भारी तादाद में एकत्रित हो गए , मृतक के परिजन आक्रोशित होकर हंगामा करते हुए पुलिस से हत्या करने वालों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे , उनका कहना था कि जब तक गिरफ्तारी नहीं होती तब तक पीएम नहीं होने दिया जाएगा द्य मृतक विवेक मन्नत कांपलेक्स में एक मोबाइल दुकान पर काम करता था और वह अपने घर से काम पर जा रहा था द्य उसी दौरान नदी पुल पर अज्ञात लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया। अस्पताल की पुलिस चौकी में मर्ग कायम कर लिया गया है मर्ग कायम कर पुलिस हत्यारे की तलाश में जुट गई है द्य व्यस्ततम मार्ग शक्कर नदी पुल पर दिनदहाड़े हत्या की घटना होने से शहर मे दहशत का माहौल है और पुलिस पर कई प्रकार के सवाल खड़े हो रहे हैं द्य चिकित्सालय में भारी तादाद में पुलिस बल मौजूद रहा द्य सेन जागृति संग के अभिषेक सराठे ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों से जल्द से जल्द हत्या को अंजाम देने वालों को गिरफ्तार करने की मांग की है यदि शीघ्र गिरफ्तारी नहीं हुई तो सेन जागृति संघ आंदोलन करेगा द्य पोस्टमार्टम के समय पुलिस उप अधीक्षक सचि पाठक, नगर निरीक्षक राजपाल बघेल ने मृतक के परिजनों को आश्वासन दिया कि पुलिस सघन जांच में जुट गई है शीघ्र ही हत्या को अंजाम देने वालों को गिरफ्तार किया जाएगा , मृतक का शव परीक्षण के उपरांत उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। शव ले जाते समय सेन समाज एवं मृतक के परिजनों ने शक्कर नदी पुल के पास सड़क पर हंगामा कर चक्का जाम करने की कोशिश की पुलिस कि समझाइस के बाद मामला शांत हुआ।

**न्यायालय अनुविभागीय दंडाधिकारी अनुभाग अधारताल जिला जबलपुर**

प्रकरण क्रमांक :- 11/2023 दिंनाक :- 13/07/2023

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि थाना गोहलपुर जबलपुर में धारा 25 पुलिस एक्ट में जप्तशुदा विभिन्न कंपनियों के निम्नांकित 39 नग दो पहिया व 01 नग तीन पहिया वाहन कंडम कबाड़ की हालत में थाना गोहलपुर जिला जबलपुर परिसर में 7/02, 19/14, 2/17,01/18 के प्रकरणों में 25 पुलिस एक्ट के अंतर्गत जप्त कर रखे हुये हैं दिनांक 13/07/2023 तक उक्त वाहन के संबंध में वाहन स्वामी के द्वारा सुपुर्दगी प्राप्त नही की गई है निम्नांकित जप्तशुदा दो पहिया व तीन पहिया वाहन 39 नग के स्वामित्व धारको / दावेदारो को आम इस्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि दिनांक 15/07/2023 के प्रात: 11.00 बजे तक थाना गोहलपुर के जप्त वाहन के सम्बन्ध में यदि दावेदारी करते हैं तो वाहन के मूल दस्तावेज एवं वाहन स्वामित्व स्वयं उपस्थित होकर अपना स्वामित्व प्रस्तुत करें। नियत तारीख तक उपस्थित नहीं होने की दशा मे 15/07/2023 के प्रात: 11.00 बजे के बाद जप्तशुदा वाहनों की नीलामी कार्यवाही कर दी जायेगी नियत तारीख के बाद प्राप्त पेश किसी भी दावेदारी पर कोई विचार नही किया जायेगा एवं जप्तशुदा वाहनों को जहाँ है जैसा है वैसी ही स्थिति में नीलाम कर दिया जाएगा। उपरोक्त नीलामी में शासन द्वारा समय समय पर जारी आदेशों का पालन करते हुए निराकरण किया जायेगा तथा नीलामी में भाग लेने वाले समस्त क्रेता गण उक्त नियमो के पालन हेतु बाध्य रहेंगे। जप्त शुदा वाहन दो पहिया, तीन पहिया, वाहन का ब्यौरा निम्नानुसार है :-

| क्र. | इस्तगासा क्र. | वाहन का नम्बर | इंजन नम्बर | चेचिस नं | वाहन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 7/02 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP-21A9285 | 97K17E10085 | 97K19F099771 | हीरो होण्डा |
| 2. | 19/04 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP20MD9001 | 07L22E09908 | 07L23F03945 | हीरो होण्डा डिलक्स |
| 3. | 02/17 धारा 25 पुलिस एक्ट | बिना नम्बर की | - | - | सवारी आटो |
| 4. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | - | DHGDTG28044 | M02DHDHZZTCG39950 | काले रंग की पल्सर बिना नम्बर |
| 5. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | - | JBUBTB41551 | MD2D5PAZZTPB55683 | काले रंग की डिस्कवर बिना नम्बर की |
| 6. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP 20 KN 3199 | 04L08M04182 | 04L040U4880 | लाल काले रंग की पेषन प्रो |
| 7. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP 20 KM 4617 | 04L15E37085 | 04L16F37340 | हीरो होण्डा स्पलेण्डर |
| 8. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | - | OF1G41223103 | MD625AF1441G68203 | टी.व्ही.एस. विक्टर नीले रंग की नम्बर अस्पष्ट |
| 9. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | - | HA10ENDHG01119 | MBLHA10AWDHG76612 | हीरो होण्डा पेषन प्रो नीले रंग की बिना नम्बर की |
| 10. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | - | HA10EDBHC02562 | MBLAH10EWDHC02885 | काले रंग की पैषन प्रो नम्बर अस्पष्ट |
| 11. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP20KF0414 | 00K18M08326 | 00K2030845 | काले रंग की हीरो होण्डा स्पलेण्डर |
| 12. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP20MG3329 | 07A22E38149 | 07A23F02756 | काले रंग की हीरो होण्डा सीडी डीलक्स |
| 13. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | - | HA10EBHGL22971 | अस्पष्ट | काले रंग की पेषन प्रो बिना नम्बर |
| 14. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP 20 KL 4340 | 05D18E03241 | 04D20F03376 | काले रंग की हीरो होण्डा स्पलेण्डर |
| 15. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | - | DZUBUB61862 | MDDDZZZUPB57159 | काले भटीले रंग की प्लेटीना बजाज बिना नम्बर की |
| 16. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | - | 07B22E03705 | 07B23F13657 | हीरो होण्डा सी.डी. डान काले रंग की बिना नम्बर की |
| 17. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | - | DVMBLH09978 | DBCBLH31451 | |
| 18. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP21 B 9308 | - | 100BF710028 | काले रंग की बजाज सी.डी. 100 बिना नम्बर की |
| 19. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP 20 MM 1560 | HA10ED6D06261 | MBLHA01EWBHD86412 | लाल रंग की टी.वी.एस. सुजकी |
| 20. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP20KH3364 | - | DFFBJF44536 | सिल्वर कलर की पेषन प्रो |
| 21. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP20KA 9114 | 03F27L13806 | 03F27F17420 | काले रंग की काबासाकी बजाज |
| 22. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP 20 SB 8153 | 0G3NC2914652 | - | काले रंग की हीरो होण्डा सी.डी. डान |
| 23. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP20 SC 2803 | OG3092882423 | - | काले रंग की स्कूटी स्ट्रीक |
| 24. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP20 SD 0991 | MB8CF4CADA8135186 | - | काले रंग की स्कूटी बजाज |
| 25. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP20NB2611 | DVZPGL99848 | MD2A18AZ0GPL44503 | काले रंग की एक्सेस सुजकी |
| 26. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP20KB7522 | 97K17E09968 | 97K19F10168 | काले रंग की बजाज सी.टी.100 |
| 27. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP20MB4699 | 06K29E19333 | 6K29F19043 | काले रंग की हीरो होण्डा स्लेण्डर |
| 28. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | - | - | ME4JF063K88530406 | काले रंग की हीरोहोण्डासी. डी. डीलक्स |
| 29. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP51MA6828 | DUMBPE92587 | MD2DDDZZZPWE29206 | सिल्वर कलर की एक्टिवा बिनानम्बर की |
| 30. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP20KJ8141 | - | 02J20C19757 | काले रंग की बजाज प्लेटिना |
| 31. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP 20KN6073 | DUHBMA76380 | DUFPMA03790 | हीरो होण्डा स्पलेण्डर |
| 32. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP 20 MD0867 | MH5BPH02929 | MD2DHDHZZPCH63793 | काले रंग की बजाज सी.टी. 100 |
| 33. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP 20 MV4960 | PAZRDJ21973 | MPRA57AZ3DRJ68190 | काले रंग की पल्सर |
| 34. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP 20M9046 | - | 07522F04885 | काले रंग की डिस्कवर |
| 35. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | - | 05CAAE06955 | - | लाल रंग की हीरो होण्डा सी.डी. डान |
| 36. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | MP 20 MA 0478 | 05M08M08609 | 05MOJC110425 | महरून कलर की हीरो होण्डा स्पलेण्डर सुपर बिना नम्बर की |
| 37. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | - | HA10EB9GB43195 | MBLHA10EL9GD30644 | सिल्वर कलर की हीरो होण्डा पेशन प्रो |
| 38. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | - | 02P21M12201 | 02B21C22280 | लाल काले रंग की पेषन प्रो बिना नम्बर की |
| 39. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | - | JC44E0006090 | ME4JC445C98006178 | हीरो होण्डा पेषन बिना नम्बर की |
| 40. | 01/18 धारा 25 पुलिस एक्ट | | DXFBNM95273 | MD2D5DXZZNAM94796 | सिल्वर कलर की एक्टिवा बिना नम्बर |

सम्पर्क नम्बर :-

(1) थाना प्रभारी थाना गोहलपुर जबलपुर मो.नं. 9479994081

(2) प्रभारी मालखाना – प्र.आर. 230 वीरेंद्र सिंह मो.नं.9479993898, 7000314642

अनुविभागीय दंडाधिकारी
अनुभाग अधारताल जिला जबलपुर

# यशस्वी जायसवाल यादगार पारी खेलकर हुए इमोशनल,

## कहा- भगवान... माता-पिता को भी यूं किया याद



नई दिल्ली, एजेंसी। यशस्वी जायसवाल ने इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू धमाकेदार अंदाज में किया है. उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ डोमिनिका में खेले जा रहे पहले टेस्ट में शतक ठोका. वे अभी भी 143 रन बनाकर खेल रहे हैं. वे डेब्यू टेस्ट में शतकीय पारी खेलने वाले 17वें भारतीय हैं. बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर यशस्वी जायसवाल का एक वीडियो डाला है. इसमें 21 साल का यह बैटर काफी इमोशनल है. मूलतः उप्र के रहने वाले यशस्वी को मुंबई में काफी संघर्ष करना पड़ा. उन्हें गोल-गप्पे तक बेचने पड़े थे. यशस्वी ने कहा कि यह क्षण मेरे और मेरे परिवार के लिए बेहद इमोशनल था. यह लंबा सफर रहा है. मैं उन सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने मेरी किसी भी तरह से मदद की है. यह शतक माता-पिता को समर्पित है, मेरी लाइफ में उनका बड़ा योगदान है.

### यह सिर्फ शुरुआत है

यशस्वी जायसवाल ने कहा कि यह तो शुरुआत है, अभी और आगे जाना है. भगवान हैं...तो बस. ज्यादा नहीं बोलना चाहूंगा. आईपीएल 2023 में राजस्थान रॉयल्स से खेलने वाले यशस्वी ने टी20 लीग में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया था. उन्होंने 13 गेंद पर अर्धशतक ठोका दिया है. आईपीएल के 16वें सीजन में उन्होंने शतक भी जड़ा था. उन्हें इसके बाद वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए भारतीय टीम में बतौर रिजर्व खिलाड़ी चुना गया था.

### अब नजर दोहरे शतक पर

यशस्वी जायसवाल का फर्स्ट क्लास का रिकॉर्ड बेहतरीन है. ऐसे में वे अपने इस प्रदर्शन को और आगे ले जाना चाहेंगे. उन्होंने अब तक 15 मैच की 26 पारियों में 80 की औसत से 1845 रन बनाए हैं. 9 शतक और 2 अर्धशतक जड़ा है. 265 रन उनका बेस्ट प्रदर्शन रहा है. अब वे डेब्यू टेस्ट में भी दोहरा शतक जड़ना चाहेंगे. इससे पहले कोई भारतीय यहां तक नहीं पहुंच सका है.

## रोहित शर्मा के कारनामे देखे या नहीं, सहवाग ,गावस्कर छूटे पीछे, अब निशाने पर सचिन तेंदुलकर

नई दिल्ली, यशभारत। रोहित शर्मा की अगुआई में टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बेहतरीन आगाज किया है. डोमिनिका में खेले जा रहे पहले टेस्ट की बात करें, तो दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर टीम इंडिया ने पहली पारी में 2 विकेट पर 312 रन बना लिए हैं. इस तरह से उसे 162 रन की बड़ी बढ़त मिल चुकी हैं. ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने 5 विकेट लेकर वेस्टइंडीज को पहली पारी में 150 रन पर समेट दिया था. भारतीय पारी की बात करें, तो रोहित ने शानदार 103 रन बनाए. वहीं इंटरनेशनल डेब्यू कर रहे 21 साल के ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अभी भी 143 रन बनाकर डटे हुए हैं. रोहित शर्मा ने अपनी पारी में 221 गेंद का सामना किया और 103 रन बनाए. 10 चौका और 2 छक्का जड़ा. यह उनका टेस्ट क्रिकेट का 10वां शतक है. बतौर ओपनर रोहित ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 102वीं बार 50 से अधिक रन की पारी खेली. इसी के साथ उन्होंने वीरेंद्र सहवाग से लेकर पूर्व दिग्गज सुनील गावस्कर तक को पीछे छो? दिया है. दोनों बैटर्स ने इंटरनेशनल क्रिकेट में बतौर ओपनर 101-101 बार 50 से अधिक रन की पारी खेली थी. पूर्व दिग्गज सचिन तेंदुलकर इस मामले में नंबर-1 पर हैं।



### 120 बार किया यह कारनामा

सचिन तेंदुलकर की बात करें, तो उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में बतौर ओपनर 120 बार 50 रन की पारी खेली है. इसमें 45 शतक और 75 अर्धशतक शामिल है. नाबाद 200 रन उनका बेस्ट प्रदर्शन रहा है. वहीं रोहित शर्मा ने बतौर ओपनर 308 पारियों में अब तक 46 की औसत से 13134 रन बनाए हैं. 39 शतक और 63 अर्धशतक जड़ा है. 264 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है. यशस्वी जायसवाल ने बल्ले से मचाया कोहराम, डेब्यू टेस्ट में ही बना दिए 6 बड़े रिकॉर्ड, अब नजर दोहरे शतक पर 36 साल के रोहित शर्मा के बतौर ओपनर टेस्ट के रिकॉर्ड को देखें, तो वे अब तक 24 मैच की 39 पारियों में 53 की औसत से 1955 रन बना चुके हैं. 7 शतक और 4 अर्धशतक लगाया है. यानी कुल 11 बार 50 से अधिक रन की पारी खेली. वहीं वनडे में 63 तो टी20 इंटरनेशनल में बतौर ओपनर 28 बार 50 से अधिक रन बनाए हैं।

# हरमनप्रीत कौर की महिला टीम को बड़ा झटका, बांग्लादेश ने पांच साल के बाद किया ये कारनामा



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की महिला टीम और बांग्लादेश की महिला टीम के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का अंतिम मुकाबला खेला गया। इस मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को हार का सामना करना पड़ा है। टीम इंडिया को बांग्लादेश की महिला टीम ने 4 विकेट से हरा दिया। हालांकि सीरीज के पहले दो मुकाबलों में मिली जीत के कारण टीम इंडिया ने इस सीरीज को 2-1 से जीत लिया है। भारतीय महिला टीम ने इस सीरीज में कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया। सीरीज का दूसरा मुकाबला भी टीम इंडिया ने जैसे-तैसे जीता था। भारतीय महिला टीम और बांग्लादेश महिला टीम के बीच खेले गए मुकाबले के बारे में बात करें तो। इस मैच में टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने हर क्षेत्र में अपने प्रदर्शन के निराश किया। टॉप जीत कर टीम इंडिया की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 102 रन बनाए थे। इसके जवाब में बांग्लादेश की महिला टीम ने 18.2 ओवर में 6 विकेट खोकर इस आसान से टारगेट को चेज कर लिया। इसके साथ ही उन्होंने इस मैच को भी अपने नाम कर लिया। बांग्लादेश के खिलाफ मिली ये हार हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली महिला टीम के लिए एक बड़ा झटका है। भारतीय महिला टीम को बांग्लादेश की महिला टीम ने 5 सालों के बाद कोई टी20 मुकाबला हराया है। इससे पहले उन्होंने टीम इंडिया को साल 2018 के एशिया कप में हराया था। जहां बांग्लादेश की महिला टीम ने टीम इंडिया को 3 विकेट से हराया था। भारत ने उस मैच मिली हार के बाद पहली बार एशिया कप का खिताब गंवा दिया था। इसके बाद से टीम इंडिया आज तक बांग्लादेश के खिलाफ एक भी मैज नहीं हारी थी।

# मध्य प्रदेश की गौरांशी ने देश की झोली में डाले दो कांस्य पदक

भोपाल, यशभारत। मप्र की होनहार बैडमिंटन खिलाड़ी गौरांशी शर्मा ने ब्राजील में आयोजित तीसरी वर्ल्ड यूथ बैडमिंटन डीफ चैपियनशिप में जोरदार प्रदर्शन करते हुए दो कांस्य पदक जीते और सिंगल व्यक्तिगत के क्वार्टर फाइनल का सफर तय किया।मप्र की गौरांशी ने समान्य डबल्स वर्ग में श्रेया सिंह के साथ जोड़ी बनाकर सेमीफाइनल तक का सफर तय कांस्य पदक पक्का किया। सेमीफाइनल में उन्हें अपने ही देश की जोड़ी जर्लिन जया और आदित्या यादव की जोडी ने सीधे सेटो में 21-11, 21-14 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। फाइनल में भारतीय जोड़ी को भी जापान की जोड़ी के हाथों खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। मिक्स्ड डबल्स में भी गौरांशी ने सौम्यदीप चक्रवर्ती के साथ जोड़ी बनाकर सेमीफाइनल तक पहुंचकर पदक पक्का किया। लेकिन उन्हें सेमीफाइनल मे श्रेया सिंग्ला और पीयूष की जोड़ी ने सीधे सेटों में 21-11, 21-12 से हराकर फाइनल में पहुंचने की उम्मीद ध्वस्त कर दी। जनरल सिंगल्स में भी मप्र की गौरांशी क्वार्टर फाइनल तक अपनी चुनौती प्रस्तुत की। क्वार्टर फाइनल में उन्हें श्रेया सिंग्ला के हाथों का सामना करना पड़ा। श्रेया डबल्स में गौरांशी की जोड़ीदार है। श्रेया ने गौरांशी को 21-14, 21-13 से पराजित किया। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश बैडमिंटन अकादमी की यह 15 वर्षीय गौरांशी ने हैदराबाद में बीस दिनी एडवांस कोचिंग कैंप में प्रशिक्षण लिया। इसके बाद भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा दिल्ली में एक से आठ जुलाई तक आयोजित भारतीय कैंप में भी कड़ी मेहनत की थी।

# आखिरकार रिंकू सिंह के मन की मुराद हुई पूरी, मिल गई इस टीम में जगह, लगी लॉटरी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय सीनियर क्रिकेट टीम इस समय वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेल रही है। वहीं, घरेलू क्रिकेट में देवधर ट्रॉफी का आयोजन 24 जुलाई से तीन अगस्त तक किया जाएगा। आईपीएल 2023 में अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाले रिंकू सिंह को वेस्टइंडीज दौरे के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी, लेकिन अब उन्हें देवधर ट्रॉफी के लिए सेंट्रल जोन की टीम में शामिल किया गया है।

### इस खिलाड़ी को बनाया गया कप्तान

देवधर ट्रॉफी में सेंट्रल जोन का कप्तान आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से खेलने वाले वेंकटेश अय्यर को बनाया है। अय्यर ने आईपीएल 2023 में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने आईपीएल 2023 में एक शतक भी ठोका था और वह केकेआर के लिए ब्रेंडन मैकुलम के बाद शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने थे। अनिकेत चौधरी को टीम का उपकप्तान बनाया गया है।

### आईपीएल के इन प्लेयर्स की लगी लॉटरी

देवधर ट्रॉफी के लिए सेंट्रल जोन की टीम में रिंकू सिंह, शिवम मावी, मोहसिन खान और आकाश मधवाल को जगह मिली है। अगर रिंकू देवधर ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो उन्हें आयरलैंड दौरे के लिए



भारतीय टीम में जगह मिल सकती है। उन्होंने आईपीएल 2032 में केकेआर के लिए कमाल का प्रदर्शन किया। वह टीम के लिए सबसे बड़े फिनिशर बनकर उभरे। उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के आखिरी ओवर में लगातार 5 छक्के जड़कर टीम को जीत दिलाई थी। उन्होंने आईपीएल 2023 के 14 मैचों में 474 रन बनाए, जिसमें चार अर्धशतक शामिल हैं।

# आईसीसी ने महिला क्रिकेट के लिए उठाया बड़ा कदम , अचानक से ले लिया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में इस साल वनडे वर्ल्ड कप खेला जाना है। इस टूर्नामेंट से पहले आईसीसी ने महिला क्रिकेट के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। पिछले कई समय से महिला क्रिकेट को बढ़वा देने के लिए आईसीसी ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए थे। लेकिन अब उन्होंने एक बड़ा फैसला लिया है। आईसीसी ने आज पुरुष और महिला टीमों के लिए आईसीसी के टूर्नामेंट में समान पुरस्कार राशि की घोषणा की है। आईसीसी ने पुरुष और महिला टीम के लिए आईसीसी के टूर्नामेंट में समान पुरस्कार राशि वाले फैसले का निर्णय साउथ अफ्रीका के डरबन में आयोजित आईसीसी वार्षिक सम्मेलन के दौरान लिया है, जो कि 2030 तक पुरस्कार राशि समानता हासिल करने के आईसीसी के प्रयास में एक महत्वपूर्ण फैसला है। इस फैसले के कारण अब महिला क्रिकेट टीमों को आईसीसी इवेंट में पहले के मुकाबले ज्यादा पैसे मिलेंगे। महिला टीमों को अब सभी इवेंट में समान स्थान या उसे जीतने पर समान पैसे दिए जाएंगे।

### इस मुद्दे पर क्या बोले आईसीसी के चेयरमैन

आईसीसी के चेयरमैन ग्रेग बार्कले ने कहा कि यह हमारे खेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है और मुझे खुशी है कि आईसीसी वैश्विक आयोजनों में प्रतिस्पर्धा करने वाले पुरुष और महिला क्रिकेटरों को अब समान रूप से पुरस्कृत किया जाएगा। 2017



के बाद से हमने समान पुरस्कार राशि तक पहुंचने पर स्पष्ट ध्यान देने के साथ हर साल महिलाओं की प्रतियोगिताओं में पुरस्कार राशि बढ़ाई है और अब से, आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने पर आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप जीतने के समान ही पुरस्कार राशि मिलेगी और टी20 विश्व कप और अंडर19 के लिए भी यही स्थिति है। उन्होंने आगे यह भी कहा कि क्रिकेट वास्तव में सभी के लिए एक खेल है और आईसीसी बोर्ड का यह निर्णय इसे पुष्ट करता है और हमें खेल में प्रत्येक खिलाड़ी के योगदान को समान रूप से मनाने और महत्व देने में सक्षम बनाता है। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2020 और 2023 में विजेता और उपविजेता को क्रमशः 1 मिलियन डॉलर और 500,000 डॉलर मिले, जो 2018 में दी गई राशि का पांच गुना था। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2022 के लिए पुरस्कार राशि भी इंग्लैंड में 2017 संस्करण जीतने के लिए दी गई 2 मिलियन डॉलर से बढ़कर 3.5 मिलियन डॉलर हो गई थी। लेकिन अब ये राशि और भी बढ़ जाएगी।

# रंग संसार

## सामंथा रुथ प्रभु ने बीमारी के बीच निभाया वादा, एक साल के लंबे ब्रेक से पहले निपटाया ये काम



मुंबई (ईएमएस)। साउथ की पॉपुलर एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु अपनी बीमारी के चलते लंबे समय से परेशान हैं। बीते दिनों उन्होंने विदेश जाकर इलाज कराया। जिसके बाद अब वह फिल्मों से तकरीबन एक साल का ब्रेक ले रही हैं। लेकिन अपनी बीमारी के बाद भी उन्होंने अपनी प्रोफेशनल कमिटमेंट को पूरा करके सुर्खियां बटोरी हैं।

### सेल्फी के संग दिया बड़ा अपडेट

सामंथा ने इंस्टाग्राम पर एक सेल्फी के साथ शूट खत्म होने की घोषणा की। भारतीय रूपांतरण का निर्देशन राज और डीके द्वारा किया गया है। इसमें वरुण धवन और सिकंदर खेर भी हैं। सामंथा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कैमरे की ओर मुस्कुराते हुए सेल्फी पोस्ट की और इसे कैप्शन दिया 13 जुलाई हमेशा स्पेशल दिन होगा। और यह सिटाडेल का रैपअप है।

### क्या है समांथा की बीमारी का नाम

एक्ट्रेस अपने सभी पेंडिंग काम पूरे कर रही हैं। पिछले हफ्ते ही सामंथा ने अपनी अपकमिंग फिल्म खुशी की शूटिंग पूरी की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सामंथा को एक ऑटो-इम्यून बीमारी, मायोसिटिस है, जो उनकी मांसपेशियों को नुकसान पहुंचाती है जिससे गंभीर दर्द होता है। एक्ट्रेस अब अपने इलाज पर ध्यान देने के लिए एक्टिंग से एक साल का ब्रेक लेंगी।

## एकता कपूर की लव सेक्स और धोखा-2 का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार

मुंबई (ईएमएस)। एकता कपूर की अगली फिल्म लव सेक्स और धोखा-2 का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार हो रहा है। एकता कपूर ने 13 साल बाद फिर फिल्म बनाने का इरादा किया है। उनका प्रोडक्शन हाउस लगातार फिल्मों, ओटीटी कंटेन्ट और टीवी सीरियल को बनाने में लगा हुआ है। गौरतब है कि एकता कपूर को फिल्मों में सीमित सफलता मिली है, हालांकि इस सफलता में भी उन्होंने कुछ ऐसी फिल्में बनाई हैं जो दर्शकों को याद हैं। उनकी सफल फिल्मों में से एक है लव सेक्स और धोखा, जो 2010 में प्रदर्शित हुई थी। अनुमानित 2 करोड़ की लागत से बनी इस फिल्म में राजकुमार राव और नुसरत भरुचा ने मुख्य भूमिकाएँ निभाई थीं। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने 10 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करके स्वयं को ब्लॉकबस्टर साबित किया था। अब एकता कपूर ने 13 साल बाद इस फिल्म के सीक्वल की घोषणा की है। इस घोषणा में उन्होंने इसकी प्रदर्शन तिथि का जिक्र किया, लेकिन यह नहीं बताया गया है कि इसमें कौन-कौन से सितारे काम करेंगे। एकता कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 का पोस्टर शेयर करते हुए रिलीज डेट अनाउंस कर दी है। हालांकि, फिल्म के स्टार्स के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। अब पहले पार्ट की तरह फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 में राजकुमार राव और नुसरत भरूचा ही नजर आते हैं और कोई नए स्टार्स दिखाई देते हैं। ये फिल्म 16 फरवरी, 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस तरह से अक्षय कुमार की फिल्म के साथ एकता कपूर की फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएगी।



## शाहरुख खान ने फैंस को दिया एक और गिफ्ट, जवान की कहानी को लेकर खोला बड़ा राज!

मुंबई (ईएमएस)। शाहरुख खान की जवान का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फैंस के बीच फिल्म को लेकर काफी बज बना हुआ है। ट्रेलर देखने के बाद से ही फैंस में फिल्म की कहानी को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ गया है। कई फैंस ट्विटर पर फिल्म को लेकर चर्चा शुरू कर दिए हैं। वहीं कई फैंस ने फिल्म की कहानी भी डिस्कस कर रहे हैं। इसी बीच हमेशा की तरह एक बार फिर शाहरुख ने आस्क स्र्क्य सेशन रखा। इस सेशन में शाहरुख खान अपने फैंस को उनके सवालों का जवाब देते हैं। इस बार भी उन्होंने फैंस के अजीब और अटपटे सवालों का जवाब दिया है, जो फैंस का खूब मनोरंजन कर रहा है। शाहरुख ने गुरुवार को ट्विटर पर अपने फैंस के साथ एक चैट सेंशन आयोजित किया, जहां वह अपनी अपकमिंग फिल्म जवान पर कई सवालों के जवाब देते नजर आए। इसी दौरान उन्होंने अपनी फिल्म का नया पोस्ट भी जारी किया। उन्होंने फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए लिखा, मुझे काम पर वापस जाना है. ़जवान रिलीज के लिए तैयार हो रही है. के लिए अपना समय देने के लिए धन्यवाद। जैसा कि फिल्म का पोस्टर दिखाने का वादा किया गया था और निश्चित रूप से ढेर सारा प्यार। आप सभी से सिनेमाघरों में मुलाकात होगी। इसके साथ ही शाहरुख खान ने एक और फैन को मजेदार जवाब दिया। एक फैन ने उनसे सवाल किया, असल में मेरा बेटा इन



शक्लों को देखकर डरता है, फिर भी इसे देखने की कोशिश करेंगे। इसके जवाब में शाहरुख ने फिल्म से जुड़ी एक अहम जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि फिल्म में कुछ भी डरावना नहीं है। जवाब में शाहरुख ने लिखा, क्षमा करें, लेकिन फिल्म बिल्कुल भी डरावनी नहीं है। उसे जब भी और कभी भी दिखाओ। ़जवान बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान से एक यूजर ने पूछा कि क्या वह अपनी फिल्म का टिकट खुद खरीदते हैं। इस पर किंग खान ने बड़ा ही मजेदार जवाब दिया। यूजर ने हिंदी में पूछा, आप क्या अपनी फिल्म का टिकट खुद ही खरीदते हो? इस पर शाहरुख ने जवाब दिया, तुम क्या अपने काम की सैलरी का खुद भुगतान करते हो? एक फैन ने शाहरुख से सिनेमा की उनकी परिभाषा पूछी, जिस पर उन्होंने कहा, लोगों के दिलों में अछे बदलाव लाने की थोड़ी सी भी उम्मीद के साथ लोगों के एक बड़े वर्ग का मनोरंजन करने में सक्षम होना। हैशटैग जवान।

## रितेश पांडेय की हॉरर कॉमेडी फिल्म तू तू मैं मैं इस वीकेंड होगी रिलीज, दमदार है स्टार कास्ट

मुंबई (ईएमएस)। रितेश पांडेय की फिल्म 'तू तू मैं मैं' 15 जुलाई को जियो सिनेमा पर रिलीज होगी। यह एक रोमांचक हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जो अब रिलीज को पूरी तरह से तैयार है। इस हॉरर कॉमेडी फिल्म में रितेश पांडेय, विक्रांत सिंह राजपूत, मधु शर्मा, यामिनी सिंह प्रमुख भूमिकाओं में नजर आने वाली हैं। इसकी एक झलक फिल्म के ट्रेलर में भी देखने को मिली है, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा है।

### फिल्म हैं काफी नयापन

भोजपुरी सिने जगत में अपनी गायिकी और अपने बेबाक अभिनय से दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाने वाले अभिनेता रितेश पांडेय ने फिल्म 'तू तू मैं मैं' को बेहद खास फिल्म बताया है। रितेश ने कहा कि ÷ये फ़िल्म अपने नयेपन से भोजपुरी सिनेमा को एक नयी दिशा दिखाएगी एवं भोजपुरी सिनेमा जगत को उंचाइयों पर ले के जाएगी÷। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा के ग्राफ को



बढ़ाने वाली है। फिल्म की पटकथा से लेकर संवाद और गाने इतने अच्छे हैं कि दर्शकों को फिल्म के दौरान फुल मनोरंजन मिलने वाला है।

### ये बड़े कलाकार भी हैं फिल्म का हिस्सा

जियो स्टूडियोज ने बीते दिनों में भोजपुरी सिनेमा में काफी अच्छा कॉन्टेंट स्ट्रीम किया है। जहां एक के बाद एक सुपरहिट फिल्म्स के बाद एक बार फिर से भोजपुरी के सुपरस्टार रितेश पांडेय के साथ फिल्म 'तू तू मैं मैं' पर जियो स्टूडियोज की मुहर लग गई है। बताते चलें कि फिल्म 'तू तू मैं मैं' में भोजपुरी के सबसे वरस्टाईल एक्टर अवधेश मिश्रा, प्रकाश जैश, के के गोस्वामी, महेश आचार्य और देव सिंह जैसी दिग्गज कलाकारों की भी मौजूदगी है। फिल्म के फर्स्ट लुक और ट्रेलर ने सभी सिने प्रेमियों के बीच निश्चित रूप से उत्साह और दिलचस्पी पैदा कर दी है।

moviemagic
#Magically Refreshed
South Avenue Mall

ADIPURUSH
2D
9 AM 10:30 AM 12:30 PM
4 PM 6:30 PM 7:30 PM
10 PM 11 PM
3D
10 AM
2 PM 9 PM

THE FLASH
Hindi
6 PM

ZARA HATKE ZARA BACHKE
3 PM

SHOWS BEFORE 11AM AT JUST ₹100/-
*For 2D Movies Only
For Enquiry. Contact: 07612662222

Call For Booking 9755561144
Online Booking visit bookmyshow
INTRODUCING RECLINER
SR CINEMA

Adipurush 3D: 09:00 AM, 12:20 PM, 06:30 PM, 10:00 PM
Adipurush 2D: 09:30 AM, 01:00 PM, 07:00 PM, 10:15 PM
The Flash 2D: 03:40 PM
Zara Hatke Zara Bachke: 04:30 PM

SR MALL
Near SBI Chowk Vijaynagar, Jabalpur (MP)

# फ्लाईओवर ठेका कंपनी ने बस स्टॉप में बना लिया कंपनी का आफिस

## दमोहनाका लेफ्ट टर्न पर ठेका कंपनी की मनमानी

जबलपुर, यशभारत। 78 करोड़ की लागत से बन रहे फ्लाईओवर एक्सटेंशन का काम दमोह नाका से प्रारंभ हो गया है,परंतु इस कार्य में विसंगतियों का दौर भी प्रारंभ हो गया है जिसमें की सर्वप्रथम सर्विस रोड ना होना, जिसको लेकर यश भारत अपने पाठकों के समक्ष जनता की समस्या को प्रकाशित कर चुका है। परंतु एक और समस्या जो कि फ्लाईओवर निर्माण के दौरान देखने में आई है कि ठेका कंपनी ने निर्माणाधीन फ्लाईओवर में मनमानी शुरू कर दी है जिसमें की कंपनी द्वारा फ्लाईओवर कंपनी का ऑफिस दमोहनाका के लेफ्ट एंड स्थित मेट्रो बस स्टॉप के अंदर ही बना लिया। बस स्टॉप में ठेका कंपनी का ऑफिस हो जाने के कारण बस स्टॉप में यात्रियों का खड़ा होना दूभर हो गया है।

### किसने दी अनुमति

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सर्विस रोड ना होने के कारण आम जनता पूर्व से ही परेशान थी। अब मेट्रो बस स्टॉप में कंपनी ने अवैध रूप से अपना ऑफिस बना लिया ,उसके बाद यात्रियों को स्टॉप में खड़ा होना भी मुश्किल हो गया है । वैसे भी बारिश के चलते पूरी सड़कों में कीचड़ जमा हुआ है सिर्फ एक बस स्टॉप ही बचता है। जहां पर यात्री बस का इंतजार कर सकते हैं परंतु कंपनी की तानाशाही रवैया से यह भी विकल्प आम जनता के लिए समाप्त हो गया है । प्रमुख बात यह है कि अधिकारियों को इस बारे में कुछ पता ही नहीं है कि कंपनी द्वारा ऐसा क्यों किया गया है और कंपनी के उच्च अधिकारियों से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने डिपार्टमेंट से अनुमति का हवाला देते हुए बात को टालने की कोशिश की। अगर यह अनुमति डिपार्टमेंट द्वारा दी गई है तो किस प्रकार से कंपनी को मेट्रो बस स्टॉप से अपना ऑफिस बनाने की अनुमति दी गई । प्रश्न उठ रहा है कि अगर नगर निगम , स्मार्ट सिटी द्वारा इन्हें ऑफिस बनाने की अनुमति दी गई है तो यह अनुमति कितनी वैधानिक है।



### बिना डामरीकरण के हो रहा निर्माण

नियमानुसार फ्लाईओवर के बजट में 900 मीटर विस्तारीकरण के कार्य में सर्विस रोड का भी प्रावधान है परंतु ठेका कंपनी द्वारा टिन के शेड लगाकर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया। बिना डामरीकरण के कारण पूरी सड़कों पर लगातार धूल उठ रही है ।जिसके चलते हैं दमोह नाका से चंडाल भाटा के मध्य लगातार जाम की स्थिति भी निर्मित हो रही है और इस टिन के शेड की दीवार पर मुरूम डालकर सतत् रूप से प्रदूषण बढ़ाया जा रहा है ।करोड़ों के इस अतिरिक्त विस्तारीकरण के कार्य में सर्विस रोड बनाना आवश्यक है जिसके लिए बाकायदा प्रशासन द्वारा बजट भी पारित किया जाता है और इस बजट में सर्विस रोड का प्रावधान भी परंतु निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया और टिन शेड की दीवार बनाकर ठेका कंपनी ने कार्य प्रारंभ कर दिया है। जाम होने के चलते किसी बड़ी दुर्घटना की होने की संभावना बनी हुई है

### यातायात पुलिस ने किया निरीक्षण

इस अवैध आफिस को लेकर यातायात पुलिस भी बराबर नजर रखे हुए हैं क्योंकि सड़क के कीचड़ से सनी हुई हैं और यात्रियों को खड़े होने की जगह नहीं है ऐसे वक्त पर किसी न किसी प्रकार से बड़ी दुर्घटना न घटित हो इसलिए यातायात पुलिस लगातार इस मुद्दे को सुलझाने में लगी हुई है यातायात के अधिकारियों ने बताया कि वह लगातार निरीक्षण कर रहे हैं और ऑफिस के गार्ड का कहना है कि कुछ दिन पूर्व ही इस ऑफिस का निर्माण हुआ है।

# जालसाजों से पीड़ित भांजी की शिकायत पहुंची मामा तक

## फर्जी दस्तावेज व खसरों में हेरफेर कर फर्जी रजिस्ट्री करवाने वाली गैंग ने हड़पे थे करोड़ों

**जबलपुर, यशभारत। शहर में धोखाधड़ी कर जमीनों के फर्जी दस्तावेज, खसरों में हेरफेर और अन्य जालसाजी के जरिये लोगों की जमीनों को हड़पने एवं जमीनों के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह की शिकायत अब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तक पहुंच गई है।**

जमीन के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले इन गिरोह के सदस्यों ने कई लोगों को अपना शिकार बनाकर लाखों- करोड़ों रूपये हड़प लिए हैं। इस जालसाज गिरोह के सरगना पंकज साहू, प्रभात गर्ग, अनिल श्रीवास्तव द्वारा यादव कॉलोनी क्षेत्र में प्लाट दिलाने के नाम पर एक महिला से जालसाजी की गई ।जिसकी लिखित शिकायत पीड़ित महिला द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ ही भोपाल में पुलिस विभाग आला अधिकारियों से की है। सीएम से शिकायत के बाद जल्द ही इन ठग गिरोह के सदस्यों पर कार्यवाही की जा सकती है।



### भोपाल में कार्यरत है महिला

ठगी का शिकार हुई पीड़िता रागिनी (परिवर्तित नाम) ने बताया कि जबलपुर में वह एक फायनेंस कंपनी में कार्यरत थी। वर्तमान में वह भोपाल में कार्यरत हैं। जबलपुर में कार्यरत होने के दौरान पंकज साहू का फायनेंस कंपनी के ऑफिस आना-जाना था। पीड़िता ने बताया कि इस दौरान उसकी पहचान पंकज साहू से हुई थी। पीड़िता ने बताया कि पंकज साहू ने चर्चा के दौरान बताया कि वह प्रापर्टी का भी काम करते हैं तो उसने इन लोगों से घर बनाने के लिए एक प्लाट लेने की बात कही। मार्च 2022 में पंकज साहू ने प्रभात गर्ग से उसकी मुलाकात करवाई तो प्रभात गर्ग ने यादव कॉलोनी क्षेत्र में राज किराना के सामने एक 5200 स्क्वयार फीट प्लाट दिखाया। इन्होंने बताया कि प्लाट मालिक राधेश्याम रैकवार है। उन्होंने कहा कि यह प्लाट आपको गाइडलाइन रेट पर 1200 रुपए वर्ग फीट के भाव से मिल जाएगा और वे ही प्लाट में अपके घर का कंस्ट्रक्शन भी कर देंगे। प्लाट पसंद आने के बाद 5 अप्रैल को पीड़िता ने 5 लाख रूपये पेशगी के रूप में दे दिए थे। इसके बाद जब उसने पंकज साहू, प्रभात गर्ग रजिस्ट्री कराने की बात कही तो ये कहने लगे कि प्लाट मालिक राधेश्याम रैकवार का नामांतरण होने के लिए लगा है, इसलिए रजिस्ट्री में कुछ समय लगेगा। पीड़िता ने बताया कि इस दौरा पंकज साहू, प्रभात गर्ग उसे रजिस्ट्री के लिए टालते रहे।

पीड़िता ने बताया कि जैस-तैसे 18 अप्रैल को रजिस्ट्री की बात कही। जिसके बाद उसने रजिस्ट्री के समय प्लाट के बाकी के रूपये भी दे दिए। पीड़िता की मानें तो रजिस्ट्री की ड्रॉफ्टिंग की जांच करने पर सब सही था। लेकिन जालसाजी करने के लिए प्रभात गर्ग, पंकज साहू ने रजिस्ट्री के समय प्लाट की चौहद्दी गलत दर्शा दी। जब उसे रजिस्ट्री की असल कॉपी मिली तो उसे इस गड़बड़ी का पता लगा। इसके बाद जब उसने पंकज साहू और प्रभात गर्ग से संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि वह इस त्रुटि को सुधरवा देंगे। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद जमीन के नामांतरण के एवज में भी पंकज साहू, प्रभात गर्ग ने उससे रूपये लिए। लेकिन नामांतरण के लिए भी टाला मटोली करते रहे, क्योंकि वह नामांतरण नहीं होने देना चाह रहे थे। पीड़िता ने बताया इस बीच उसने अपने एक परिचित से नामांतरण के लिए केस लगाकर नामांतरण करवा लिया। नामांतरण होने की जानकारी लगने पर पंकज साहू और प्रभात गर्ग उसे धमकाने लगे कि बिना उनसे पूछे नामांतरण कैसे करवा लिया। पीड़िता ने बताया कि जब नामांतरण होने के बाद प्रभात गर्ग और पंकज साहू से प्लाट में पजेशन कराकर कंस्ट्रक्शन करने की बात कही तो दोनों ने फोन उठाना भी बंद कर दिया। जिसके बाद उसे जानकारी लगी कि पंकज साहू और प्रभात गर्ग ने उसके प्लाट में किसी अन्य लोगों के साथ मिलकर दूसरे के नाम का बोर्ड लगवा दिया है और अब उसे प्लाट छोड़ने की बात कहते हुए जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

### सक्रिय महिला सदस्य व साथी गये जेल

इस ठग गिरोह द्वारा अधारताल में भी ठगी की । यहां स्थित अनिल केवट की संपत्ति को फर्जी तरीके से किसी अन्य व्यक्ति को अनिल केवट बनाकर रजिस्ट्री कराने के मामले में धनवंतरी नगर पुलिस ने गिरोह की सदस्य तिलवारी शास्त्री नगर निवासी निशा पाठक समेत पंकज सिंह ठाकुर निवासी शहपुरा भिटौनी, अर्पित दुबे निवासी रविन्द्र नगर अधारताल, प्रदीप कोरी निवासी विवेकानंद वार्ड कला देवरी पनागर को गिरफ्तार कर धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया था। जहां से न्यायालय ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है। सूत्रों की मानें तो ठग गिरोह के प्रभात गर्ग और पंकज साहू आरोपी निशा पाठक को थाने से रिहा कराने और मामला रफा-दफा करवाने के भी जुगत में लगे रहे।

# मोबाईल छीनने वाले बाइक सवार 3 अपचारी बालक गिरफ्तार

**3 मोबाईल तथा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल जप्त***

जबलपुर, यशभारत। ओमती पुलिस ने मोबाईल छीनने वाले बाइक सवार 3 अपचारी बालकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 3 मोबाईल तथा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल जब्त की। थाना ओमती में 12 जुलाई की दोपहर में अनूप उम्र 28 साल निवासी ग्राम सुपावारा कुण्डम ने लिखित शिकायत की थी कि 10 जुलाई की सुबह लगभग 6 बजे बीएड. फोर्थ सेमेस्टर का पेपर देने हेतु मदन महल से गौर महात्मा गाँधी बीएड कॉलेज जाने हेतु तीन पत्ती बस स्टेण्ड से तैय्यबअली पेट्रोल पंप तक पैदल जा रहा था तैय्यबअली पेट्रोल पंप पर उसका दोस्त राम करचाम बाईक से आकर उसे कालेज ले जाने वाला था, वह राकेश करचाम से ही फोन पर बात करते तैय्यबअली तरफ जा रहा था जैसे ही कार्तिक होटल के पास पहुंचा तभी पीछे से 3 लड़के तेजी से उसके पास बाईक से आये एवं झूमाझपटी कर उसका वीवो कम्पनी का मोबाइल छुड़ाकर भाग गये, एक काली कलर की इस्प्लेण्डर गाड़ी जिसमे नंबर नहीं था उस पर बैठा सबसे पीछे वाला लड़का लाल रंग की हूडी वाली टीशर्ट पहने हुये था, तीनों उसका मोबाइल कीमती लगभग 10 हजार रूपये का छीनकर भाग गये । लिखित शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी (भा.पु.से.) द्वारा घटित हुई घटना को गम्भीरता से लेते हुये आरोपियों की पतासाजी कर शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेशित किया गया। थाना प्रभारी ओमती वीरेन्द्र सिंह पवार के नेतृत्व में टीम गठित कर लगायी गयी।

# ऑपरेशन शिकंजा

## सट्टा लिखते रंगे हाथ पकड़ाए 2 सटोरिए

जबलपुर, यशभारत। ऑपरेशन शिकंजा के तहत क्राईम ब्रांच एवं तिलवारा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में दो सटारियों का सट्टा पट्टी लिखते गिरफ्तार किया गया। उनके पास से नगदी, 5 मोबाईल, तथा 2 पल्सर मोटर सायकिल जब्त की गईं है।

पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी ने अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को संगठित जुआ, सट्टा खिलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया था। इसी के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध समर वर्मा, अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिवेश सिंह बघेल एवं प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक बरगी श्रीमति अंकिता खातरकर के मार्ग दर्शन में क्राईम ब्रांच एवं थाना तिलवारा की टीम द्वारा 2 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथ पकड़ा गया। उनके पास से ते हुये 45 हजार 780 रूपये, 5 मोबाईल तथा चोरी के होने के संदेह में 2 पल्सर मोटर सायकिल जब्त की गयी है। थाना प्रभारी तिलवारा सुश्री सरिता बर्मन ने बताया कि क्राइम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से खबर मिली कि फारेस्ट नाका के पीछे बजरंग मोहल्ला में कुछ सटोरिये मोबाईल एवं कागज में सट्टा लिख रहे हैं। तुरंत ही क्राईम ब्रांच एवं तिलवारा पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से दबिश दी गयी पुलिस को देखकर सट्टा लिख रहे 2 युवक भागने लगे जिन्हें घेराबंदी कर पकडा गया, नाम पता पूछने पर दोनों ने अपने नाम आदित्य मिश्रा उम्र 24 वर्ष एवं नरेश मल्लाह उम्र 27 वर्ष दोनों निवासी फारेस्ट नाके के सामने बजरंग नगर तिलवारा बताते हुये राजू मल्लाह (बटलर) के कहने पर 300 रूपये प्रतिदिन की मजदूरी पर सट्टा लिखना स्वीकार किये। कब्जे में ली हुई पल्सर मोटर सायकिल मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 एन वाय 0646 ,एवं पल्सर क्रमांक एमपी 20 एनजे 5709 दोनों काले रंग की के दस्तावेज मांगे गये जो पास मे न होना बताये, चौरी की होने के संदेह में दोनों पल्सर मोटर सायकिल एव कब्जे से 5 टच स्क्रीन मोबाईल, नगद 45 हजार 780 रूपये सट्टा पट्टी जप्त करते हुये सटोरियों के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट एवं 109 भादवि के तहत कार्यवाही करते हुये दोनों पल्सर मोटर सायकिल के सम्बंध में सघन पूछताछ जारी है। सटोरियों को पकड़ने में क्राईम ब्रांच के सहायक उप निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह, अशोक मिश्रा, प्रधान आरक्षक सादिक अली, नीरज तिवारी,, अमित श्रीवास्तव, प्रभात परिहार, मानस उपाध्याय, हरिशंकर गुप्ता, संतोष दीक्षित, अरविंद श्रीवास्तव, तथा थाना तिलवारा के उप निरीक्षक आर. एस यादव, प्रधान आरक्षक अशोक सिंह, धर्मेन्द्र सोनी, उमेश रजक, आरक्षक दारा सिंह की सराहनीय भूमिका रही।





क्राईम ब्रांच एवं तिलवारा पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में नगद 45 हजार 780 रूपये, 5 मोबाईल, तथा 2 पल्सर मोटर सायकिल जप्त

### चंदन के वृक्ष काटे जाने का मामला

# टाइगर फोर्स दे रहा दबिश

जबलपुर, यशभारत। पोलीपाथर स्थित राज्य वन अनुसंधान संस्थान के गार्डन से काटे गए चंदन के वृक्षों काटे जाने के बाद आनन फानन में विभाग में तीन टीमें, टाइगर स्ट्राइक फोर्स के साथ गठित की गई है। टीमें लगातार आसपास की सघन बस्तियों में दबिश दे रही हैं। अभी तक हुई जांच में यह खुलासा हुआ है कि तस्कर आसपास के ही है। विभाग ने मुखबिर तंत्र अलर्ट कर दिया है। इसके साथ ही सीसीटीव्ही भी खंगाले जा रहे है।

### 60 सेमी के बाद ही वृक्ष में आती है महक

रवेन्द्र मणि त्रिपाठी, डिप्टी डारेक्टर ने बताया कि संस्थान के गार्डन से जो वृक्ष काटे गए है वह 40 से 50 सेमी के है। जिसकी लकड़ियों का प्रयोग शमशान आदि कार्यों में किया जाता है। लेकिन वृक्ष की ग्रोथ 60 सेमी होने के बाद ही उसमे प्राकृतिक सुगंध आती है। अधिकारियों ने बताया कि संस्थान में चंदन के वृक्ष काटे जाने के बाद सिवनी, धूमा आदि से डेटा एकत्रित किया जा रहा है। अभी तक पकड़े गए चंदन तस्करों से भी पूछताछ की जा रही है। साथ ही आसपास की बस्तियों में, गठित टीमें पूछताछ कर रही है।

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, मॉसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंडलियां, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
9826035091 सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध

### फिर सक्रिय हुआ मानसून, अच्छी बारिश के आसार

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर में फिर मानसून सक्रिय हो गया है और अच्छी बारिश के आसार है। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून की चाल को देखते हुए शुक्रवार को भारी वर्षा का अनुमान है। वर्तमान में राजस्थान के दक्षिण-पश्चिमी भाग में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। गुजरात तट से केरल तट तक अपतटीय द्रोणिका भी बनी हुई है।

# श्री विजय सराफ बख्तावर का देव लोक गमन



**जबलपुर।** वरिष्ठ सराफा व्यवसायी और समाज सेवी श्री विजय सराफ बख्तावर ( विजय पहलवान ) का निधन हो गया है । वे अजय बख्तावर ( पूर्व अध्यक्ष सराफा एसोसिएशन ) एवम विनय कुमार के बड़े भाई और संदीप ज्वेलर्स के संचालक संदीप सराफ के पिता थे । अंतिम यात्रा आज सुबह निज निवास 552 कोतवाली वार्ड बख्तावर का बाड़ा से ग्वारीघाट मुक्तिधाम पहुंची जहां अंतिम संस्कार में समाज के सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत विजय पहलवान को नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

SOCE | SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
समस्त हड्डी एवं जोड़ रोगों का बेजोड़ इलाज
95758 01022
SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर
अहिंसा चौक, विजयनगर, जबलपुर

गंगाजली पूजन एवं त्रयोदशी संस्कार
स्व. श्री जवाहर लाल जी (संतोष भैय्या)
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि, हमारे बड़े भाईसाहब पूजनीय श्री जवाहर लाल जी (संतोष भैय्या) का देवलोक गमन दि. 03/07/2023 दिन सोमवार को हो गया है। ब्रह्मलीन आत्मा की शांति हेतु त्रयोदशी, देवदर्शन एवं पगड़ी रस्म दि. 15/07/2023 दिन शनिवार को है।
त्रयोदशी एवं भोग- दोपहर 1 बजे से सायं 7 बजे तक
देवदर्शन एवं पगड़ी रस्म- अपरान्ह 4.00 बजे
स्थल- अग्रसेन कल्याण मण्डपम, विजय नगर, जबलपुर
शोकाकुल परिवार
श्रीमती मोहनी देवी (बहिन) | श्रीमती माधुरी देवी (पत्नि)
सुरेन्द्र- मालती अग्रवाल (अनुज) | पंकज- पूजा अग्रवाल (पुत्र- पुत्रवधु)
सतीश- कृष्णा अग्रवाल (अनुज) | विष्णु- रीना अग्रवाल (पुत्र- पुत्रवधु)
संदीप जैन (गुड्डा) (अनुज) | अलका- राकेश अग्रवाल (बेटी- दामाद)
डॉ. रूपा- डॉ. गौरव, डॉ. रूचि, कु. रूही, रिंकी- हर्षित, निधि- करन, मधुसूदन, रिपुसूदन, कु. रागिनी एवं समस्त आर.डी. परिवार
निवासः- 54, साकेत नगर, पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास, जबलपुर
फर्म- • आर.डी.एण्ड सन्स • रूपलक्ष्मी प्रिन्टर्स • रागिनी ट्रेडर्स • माँ नर्मदा ट्रेडर्स
मो: 9300111242, 9425385340, 9302376176, 9425152703
आपकी संवेदनायें ही परिवार का संबल है, कृपया कोई भेंट लाने का कष्ट ना करें।

JYOTI INNER ZONE
10% से 20% तक की भारी छूट
LUX cozi | AMUL MACHO | RUPA | JOCKEY | DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

GYANAYATAN COLLEGE OF MANAGEMENT
Approved by AICTE New delhi & Affiliated from RDVV, Jabalpur
MBA
ADMISSION OPEN- 2023-24
100% CAMPUS
ST/SC/OBC विद्यार्थियों को शासन के अनुसार स्कॉलरशिप सुविधा
• HR • FINANCE • MARKETING • IT
Venue : Near Green Valley Public school, Karmeta, Patan Road, Jabalpur
Contact : 9926184814,9589852236 Website : www.gcmjbp.in

स्पर्श वूमेन्स क्लीनिक
SPARSH WOMEN'S CLINIC
डॉ. स्नेहा टी. मेठवानी
M.B.B.S., D.G.O.
Ex-consultant (Surya Hospital- Mumbai)
वरिष्ठ स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञ
• दर्द रहित प्रसव, हाईरिस्क प्रेगनेन्सी, बांझपन का इलाज, बार-बार गर्भपात होना, दूरबीन द्वारा ऑपरेशन।
• महिलाओं एवं किशोरियों को टीके लगाने की सुविधा उपलब्ध।
• सभी प्रकार के स्त्रीरोग निदान की सुविधा उपलब्ध।
जबलपुर हॉस्पिटल में भी उपलब्ध।
समय: प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 4 बजे तक
M: 9329075441, 9552424074
पता- शॉप नं. 13, राइट टाउन स्टेडियम मार्केट, गोमाता चौक, राइट टाउन, जबलपुर

Health & Home Care Services
We Care Like Family
Quality Care You Can Trust in reasonable charges without any Commissions.
One stop solution for All types of health & home care needs by professional & proficient service
Our Services:
• Elderly Care - Bed Bath, Medication Reminder, Feeding assistance etc.
• Patient Care - Daily assistance, Preventing falls and injuries.Bedridden patients care etc.
• Personal Care - Exercises, Yoga, Skin Care etc.
• Mother & Baby Care - Newborn care, Specialized care for low-birth-weight babies etc.
• Child Care - School Asst., Meal Preparations, learning activities etc. Household Help - Cooking, cleaning, pets care etc.
Contact Us - Mobile 7489313112, 9538930963
Email - jabalpurcareservices@gmail.com Website - https://www.health-homecares.com/eldercare

प्रवेश प्रारंभ सत्र-2023-24
नर्मदा कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
जे.डी.ए. स्कीम नं. 5/14, घड़ी चौक, विजयनगर, जबलपुर
B.A., B.Com, B.A. LL.B.
कॉलेज कोड- INS3294
नर्मदा शिक्षा महाविद्यालय
लक्ष्मीपुर, उखरी रोड, चेरीताल वार्ड, जबलपुर
B.Ed दो वर्षीय पाठ्यक्रम कॉलेज कोड 820
प्रधान कार्यालय
दीवान बहादुर वल्लभदास महल, हनुमानताल, जबलपुर
मो.-9399026633, 9425153263, 8319318269

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स 68/1 लक्ष्मीपुर, विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक राजीव उपाध्याय, संपादक अम्बरीष तिवारी*, सलाहकार संपादक श्याम कटारे RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.com। ( *पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )